रविवार, 17 नवम्बर 2024

मौसम

तापमान 30 – 17
आर्द्रता 47%
सूर्योदय: 5:51 सूर्यास्त: 16:52

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : कोई भी चीज अक्सर खूबसूरत लगने लगती है जैसे वक्त और बचपन।



गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए ठीक नहीं: टिम पेन –पृष्ठ 8

# झांसी मेडिकल कॉलेज में लगी आग, 10 बच्चों की मौत

## 16 गंभीर रूप से झुलसे, 37 को खिड़की तोड़कर निकाला गया

**झांसी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में शुक्रवार रात आग लगने से कम से कम 10 शिशुओं की मौत हो गई जबकि 16 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल की नवजात शिशु देखभाल इकाई (एनआईसीयू) में दस बजकर 45 मिनट पर संभवत: शार्ट सर्किट से आग लग गयी। एनआईसीयू के बाहरी हिस्से में मौजूद सभी बच्चों को और अंदर मौजूद कुछ बच्चों को निकाल लिया गया। कुमार ने कहा, ''फिलहाल 10 बच्चों की मौत की सूचना है।'' उन्होंने बताया कि जिन बच्चों की हालत ज्यादा गंभीर नहीं होती है उन्हें एनआईसीयू के बाहरी हिस्से में जबकि गंभीर हालत वाले बच्चों को भीतरी हिस्से में रखा जाता है। मध्य रात्रि के करीब अस्पताल पहुंचे झांसी के मंडल आयुक्त विमल दुबे ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईसीयू के भीतरी हिस्से में



### मृतक शिशुओं के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता

करीब 30 बच्चे थे और उनमें से अधिकतर को निकाल लिया गया था। झांसी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुधा सिंह ने शनिवार को बताया कि इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसे 16 बच्चों का इलाज जारी है। इस हादसे के समय एनआईसीयू में 50 से अधिक बच्चे भर्ती थे। झांसी पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दमकल विभाग की एक गाड़ी को घटनास्थल पर भेजा गया,साथ ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। झांसी के पास स्थित महोबा जिले के एक दंपति ने इस हादसे में अपने नवजात बच्चे को खो दिया है। बच्चे की मां ने संवाददाताओं को बताया कि उनके बच्चे का जन्म 13 नवंबर को सुबह आठ बजे हुआ था। उन्होंने रोते हुए कहा, ''मेरा बच्चा आग में जलकर मर गया।'' लखनऊ में जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को हादसे में झुलसे बच्चों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने झांसी के अस्पताल में आग लगने की घटना को हृदयविदारक बताया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना में शिशुओं की मौत को शनिवार को हृदयविदारक बताया और घायल शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। अस्पताल में शुक्रवार रात को लगी आग में कम से कम 10 शिशुओं की मौत हो गयी और 16 शिशु झुलस गए। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुई दुर्घटना में कई नवजात शिशुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदय विदारक है।'' उन्होंने कहा, ''ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता और परिवारजनों को, यह क्रूर आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।''

## मुख्यमंत्री ममता ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना की निंदा की, जिसमें 10 नवजात शिशुओं की जान चली गई और भविष्य में ऐसी भयावह घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। इस दिन, ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कि झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुई दुखद घटना से मैं स्तब्ध हूं, जहां एनआईसीयू में आग लगने से दस नवजात शिशुओं की जान चली गई। हम प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता में खड़े हैं और भविष्य में ऐसी भयावह दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जवाबदेही और तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं।

## अमेरिका ने 1400 से अधिक पुरावशेष भारत को लौटाए

**न्यूयॉर्क :** मध्यप्रदेश से 1980 के दशक में चुरायी गई बलुआ पत्थर की मूर्ति और 1960 के दशक में राजस्थान से चुरायी गई मूर्ति उन 1,400 से अधिक प्राचीन वस्तुओं में शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका ने भारत को लौटा दिया है। इन पुरावशेष का कुल मूल्य एक करोड़ अमेरिकी डॉलर है। भारत से चुरायी गई 600 से अधिक प्राचीन वस्तुओं को अगले कुछ महीनों में वापस भेजा जाएगा। मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन एल ब्रैग जूनियर के एक बयान के अनुसार इस वस्तुओं को एक समारोह में लौटाया गया जिसमें यहां भारत के महावाणिज्य दूतावास के मनीष कुल्हारी और न्यूयॉर्क सांस्कृतिक संपत्ति, कला एवं पुरावशेष समूह की होमलैंड सुरक्षा जांच की समूह पर्यवेक्षक एलेक्जेंड्रा डीअर्मास मौजूद भी थे।




## निमतला में लकड़ी गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल की 20 गाड़ियों ने बुझाई आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के निमतला घाट के पास स्थित एक लकड़ी गोदाम में शुक्रवार की देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रात लगभग 1.30 बजे महर्षि देवेन्द्र रोड के किनारे स्थित इस गोदाम में आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग को और अधिक फैलने से रोक दिया गया। शनिवार की सुबह तक भी गोदाम से सफेद धुआं उठता देखा गया। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 17 परिवार प्रभावित हुए हैं। आग की खबर मिलते ही राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस शुक्रवार रात की देर रात करीब 3 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री और स्थानीय विधायक शशि पांजा भी मौजूद रहीं। शशि पांजा ने प्रभावित परिवारों को मदद और पुनर्वास का आश्वासन दिया। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आग लगने के बाद उन्होंने कई विस्फोटों की आवाज सुनी। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह विस्फोट गैस सिलेंडर फटने के कारण हुए होंगे। दमकल मंत्री सुजीत बोस ने शनिवार की सुबह जानकारी दी कि शुरुआत में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं, जिसके बाद और गाड़ियां बुलाई गईं। कुल 20 दमकल गाड़ियों की मदद से आग को और फैलने से रोक लिया गया है। बोस ने बताया कि दमकल कर्मी यह जांच करेंगे कि क्या लकड़ी की दुकानों के मालिकों ने आवश्यक सुरक्षा नियमों का पालन किया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता फिलहाल नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जाएगी।



## वोट बैंक की राजनीति से दूर हैं, लोगों की प्रगति के लिए काम कर रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर वोट बैंक के लिए नीतियां बनाने को लेकर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति से कोसों दूर है और वह जनता की, जनता द्वारा तथा जनता के लिए प्रगति के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने 'एचटी लीडरशिप समिट' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने जो वोट बैंक की राजनीति की, उसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ कि देश में असंतुलित असमानता का दायरा बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सरकार में लोगों का विश्वास बहाल किया। मोदी ने 90 के दशक को याद किया जब भारत में 10 साल में पांच चुनाव हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में तब काफी



अस्थिरता थी। प्रधानमंत्री ने कहा, ''विशेषज्ञों, अखबारों में लिखने वाले लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत को ऐसे ही रहना पड़ेगा, भारत में सब कुछ ऐसे ही चलता रहेगा। लेकिन भारत के नागरिकों ने एक बार फिर ऐसे विशेषज्ञों को गलत साबित कर दिया।''



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 नवम्बर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष द्वितीया, 21:10 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 17:25 तक, योग : शिव, 20:18 तक, सूर्योदय: 5:51, सूर्यास्त: 16:52 चन्द्रोदय : 18:04, चन्द्रास्त: 07:14, शक सम्वत: 1945 सुभाकृत्, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 15:26 से 16:48

## साप्ताहिक : राशिफल 17-11-24 से 23-11-24



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** कार्यक्षेत्र में भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जिस काम को हाथ में लेंगे वह पूरा हो जाएगा। व्यापार करने वालों को बहुत से ऑर्डर मिलने की संभावना है। इस सप्ताह की शुरुआत में आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। कारोबार की यात्रा में धन लाभ होने की संभावना है। छात्र वर्ग आने वाली परीक्षाओं के लिए खूब मेहनत करेंगे। युवा अपने गुस्से पर काबू रखें वरना इसका अंजाम बुरा हो सकता है। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। सेहत का ध्यान रखना आवश्यक है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** कोई रुका हुआ कोर्ट केस आगे बढ़ेगा, परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।नौकरी पेशा लोगों को तरक्की मिलने की संभावना है। निवेश करने से पहले उस पर अच्छे से सोच-विचार कर लें।उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने के आसार भी नजर आ रहे हैं। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती हैं। मानसिक सुकून के लिए प्राकृतिक चीजों पर अपना अधिक समय व्यतीत करेंगे। सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। जरूरतमंद लोगों की मदद करें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** नौकरीपेशा लोगों के प्रमोशन व इंक्रीमेंट मिलने के योग हैं। इसकी वजह से समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। इनकम के नए साधन बनेंगे, आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। घर में सुख-शांति और अनुशासन बनाए रखने में जीवनसाथी का पूरा सहयोग रहेगा। मानसिक शांति महसूस होगी। स्वास्थ्य सही रहेगा। गणेश जी की पूजा करें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** लोगों की इच्छाएं पूरी होने की संभावना है। नौकरी-पेशा लोगों के आय के अतिरिक्त स्रोत बनेंगे। क्लाइंट को प्रसन्न रखें, तभी उनसे मनचाहा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नवीन संपत्ति खरीदने के योग बनेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जमा पूंजी धन में वृद्धि होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से हट सकता है। काम के अत्यधिक दबाव की वजह से परिवार के लोगों पर क्रोधित हो सकते हैं। प्रेम संबंध में हैं तो उसमें मजबूती आने के आसार है। घुटनों का दर्द बढ़ सकता है। पीली वस्तु का दान करें।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** ढेर सारी खुशियां आएंगी। कारोबार में मनचाही प्रगति होगी। नौकरी के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे, प्रमोशन हो सकता है। किसी प्रोजेक्ट में भी निवेश कर सकते हैं। युवा अपने समय का सदुपयोग करें। बिना प्रूफ के किसी को भी उधार देने से बचें।पारिवारिक/दांपत्य जीवन: दाम्पत्य जीवन में प्यार और मिठास भरी रहेगी। सेहत संबंधी कोई पुरानी समस्या परेशान कर सकती है। हनुमान जी की पूजा करें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** आपकी सभी इच्छाएं पूरी होने की संभावना है। बड़ी कंपनियों में सर्विस के लिए किया गया प्रयास सफल रहेगा। कार्यक्षेत्र में दूसरों की बातों में आने से बचें। सप्ताह मध्य में आर्थिक मामलों में सोच समझकर निर्णय लें। जल्दबाजी में पूंजी निवेश ना करें। विद्यार्थियों एवं प्रतियोगिता में बैठने वाले छात्रों के लिए भी माह अच्छा रहेगा। संतान की प्रगति आपको प्रफुल्लित करेगी। विवाह से संबंधित बातें भी सफल रहेंगी। सेहत संबंधी परेशानी होगी, अच्छा रहेगा अगर शुरू में ध्यान दे दें। पीपल के नीचे दीपक जलाएं।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** बेहतर भविष्य के लिए नौकरी परिवर्तन कर सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष का सामना करना होगा तभी मनचाही सफलता प्राप्त होगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामलों में फायदे के योग हैं। माह के अंत में रुका हुआ पैसा वापिस मिल सकता है। युवा करियर बनाने की बजाय इधर-उधर टाइम ख़राब करेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर सावधान रहना होगा। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा। व्यापार में आगे बढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। यदि क्रोध किया तो बनती बात बिगड़ सकती है। जो लोग नौकरी ज्वाइन करने जा रहे हैं, उनको कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। निवेश करने से पहले किसी की राय जरूर लें। पैसों को लेकर स्थिति थोड़ी बिगड़ सकती है। पारिवारिक/दांपत्य जीवन: काफी समय के बाद मित्र से मुलाकात होगी। परिवार में शांति बनी रहेगी। घर के किसी बुजुर्ग की सेहत को लेकर भी मन चिंतित रहेगा। शुरुआत में सेहत बिगड़ सकती है। हर रोज कौए को रोटी दें।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** मुश्किल काम को भी आसानी से कर लेंगे। हालांकि काम की शुरुआत में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, जिसके परिणाम उचित मिलेंगे। व्यापारिक मंदी की वजह से तनाव में रह सकते हैं। युवाओं को नई नौकरी पाने के लिए पहले से ज्यादा परिश्रम करना पड़ सकता है। उधर से पैसा वापिस मिलने की सम्भावना है। काम की वजह से परिवार के साथ समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे।: गिरने या चोट लगने की संभावना है। बेलपत्र के पेड़ की पूजा करें।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मेहनत के हिसाब से ही फल मिलेगा। नई नौकरी की तलाश करने वाले लोग बहुत सी परेशानियों का सामना कर सफल होंगे। व्यापार में बड़े लोगों से संपर्क बहुत ही फायदा लेकर आएगा। धन लाभ के लिए अच्छा, कारोबारी प्लानिंग भी फलदायक रहेगी। घर के लिए कोई बड़ा सामान लेने के बारे में सोचेंगे। बच्चों को ध्यान लगाकर पढ़ने की आवश्यकता है अन्यथा परिणाम अच्छे नहीं होंगे। घर-परिवार की छोटी-मोटी समस्याओं की वजह से चिंतित रह सकते हैं। सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हर रोज केसर का तिलक लगाकर घर से निकलें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** शुरुआत उन लोगों के लिए शुभ साबित होगी, जो लंबे समय से रोजगार के लिए परेशान थे। नौकरीपेशा व्यक्ति टारगेट पूरा करेंगे, सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। विदेशी या विदेशी परिजनों से धन की प्राप्ति हो सकती है। धन लाभ होगा। युवा अपनी इच्छाओं को कंट्रोल में रखें नहीं तो खुद ही पछताना पड़ सकता है। परिवार में शांति बनाए रखने के लिए उनकी हर बात मानेंगे। ज्यादा काम की वजह से थकान और सुस्ती हावी हो सकती है। पूर्वजों के लिए दान करें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** दिनचर्या में किए गए परिवर्तन अचानक प्रगति दे सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास और आत्मबल द्वारा कोई पारिवारिक महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम होंगे। व्यापार में काम को अंजाम देने में सफल होंगे। भूमि-भवन या वाहन आदि से जुड़े सुख के लिए सकारात्मक रहेगा। प्रॉपर्टी की क्रय-विक्रय संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। छात्रों के लिए ये माह बहुत बिजी रहने वाला है। किसी बाहरी व्यक्ति को अपने वैवाहिक जीवन पर हावी न होने दें।स्वास्थ्य: मांसपेशियों में कमजोरी का अनुभव हो सकता है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में पंजाब से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का मददगार गिरफ्तार

**मुंबई/चंडीगढ़ :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने 24वीं गिरफ्तारी की और पंजाब से आकाश दीप गिल को पकड़ा। मुंबई पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। राकांपा नेता की 12 अक्टूबर को बांद्रा पूर्व के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के दल ने पंजाब पुलिस की गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) साथ संयुक्त अभियान में फाजिल्का निवासी गिल को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया, उसने गोलीबारी में सहायता प्रदान की थी। गिल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया जा रहा है। वहीं, पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि आरोपी गिल पंजाब के फाजिल्का जिले के पक्का चिश्ती का रहने वाला है।

## दक्षिणी राज्यों में घट रही है प्रजनन दर, जनसंख्या प्रबंधन पर बात करने की जरूरत: नायडू

**नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों में बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है जबकि बच्चों के जन्म की दर कम हो रही है, ऐसे में जनसंख्या प्रबंधन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यहां ''एचटी लीडरशिप समिट'' में यह बात कही। नायडू ने कहा कि वह इस बात पर जोर देते रहे हैं कि इस विषय पर चुप्पी तोड़ी जानी चाहिए और लोगों को जनसंख्या प्रबंधन के बारे में बात करनी चाहिए। नायडू ने कहा, लोग पूछ रहे हैं कि जनसंख्या प्रबंधन क्या है। आप सभी यूरोपीय देशों, यहां तक कि जापान, यहां तक कि चीन को भी देख रहे हैं। सभी देशों में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। इस मामले में केवल भारत को 2047 तक फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा, अब दक्षिण भारत में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। दक्षिणी राज्यों में प्रजनन दर 1.6 है। आम तौर पर जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर फिलहाल सीमा रेखा पर है और जल्द ही जनसंख्या घटने लगेगी। नायडू ने कहा, इसका मतलब है कि भारत में वृद्धावस्था की समस्या बढ़ती जा रही है। अब अगर आप बात नहीं करेंगे, तो हमारे सामने समस्या खड़ी हो जाएगी।

# एलएसी पर सेनाओं के पीछे हटने को उसी रूप में देखता हूं, उससे न कुछ अधिक, न कुछ कम: जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ 'समस्या' के हल के एक हिस्से के तौर पर पिछले महीने सहमति के बाद सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया है और अब आगे ध्यान तनाव कम करने पर होगा। जयशंकर ने पिछले दौर की सैन्य वापसी के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में कुछ सुधार की उम्मीद को 'उचित अनुमान' बताया, लेकिन यह कहने से परहेज किया कि द्विपक्षीय संबंध पुराने स्वरूप में लौट सकते हैं। उन्होंने 'एचटी लीडरशिप समिट' में कहा, '' मैं सेनाओं के पीछे हटने को बस उनके पीछे हटने के रूप में देखता हूं, न उससे कुछ ज्यादा, न कुछ कम। यदि आप चीन के साथ वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो हमारे सामने एक ऐसा मुद्दा रहा कि हमारे सैनिक असहज तौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के बिल्कुल करीब हैं जिससे हमें उनके पीछे हटने का कदम उठाने की जरूरत पड़ी।'' उन्होंने कहा, ''और इसलिए 21 अक्टूबर की यह सहमति सेनाओं के पीछे हटने से जुड़ी सहमतियों में आखिरी थी। इसके क्रियान्वयन के साथ ही इस समस्या के हल की दिशा में सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया। '' जयशंकर की टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या पिछले महीने दोनों पक्षों द्वारा सेनाओं को पीछे हटाना भारत और चीन के बीच संबंधों के पुराने स्वरूप में लौटने की शुरुआत थी। विदेश मंत्री ने कहा कि संबंधों की वर्तमान स्थिति ऐसे निष्कर्ष पर नहीं पहुंचाती है। भारतीय और चीनी सेनाओं ने पिछले महीने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लद्दाख में डेमचॉक और डेपसांग में पीछे हटने का काम पूरा किया। इससे पहले दोनों पक्ष लंबे समय से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उत्पन्न विवाद को सुलझाने के लिए एक सहमति पर पहुंचे थे। दोनों पक्षों ने करीब साढ़े चार साल के अंतराल के बाद दोनों क्षेत्रों में गश्ती गतिविधियां भी बहाल कीं। अपनी टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करना अगला कदम होगा। उन्होंने साथ ही कहा, ''सेनाओं का पीछे हटना हमें कहां ले जायेगा, यह उचित अनुमान होगा कि संबंधों में कुछ सुधार होगा।''

## अनुराग श्रीवास्तव को मॉरीशस में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया



**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ राजनयिक अनुराग श्रीवास्तव को मॉरीशस में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है जो के. नंदिनी सिंगला का स्थान लेंगे। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के राजनयिक श्रीवास्तव वर्तमान में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में नेपाल-भूटान संभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि श्रीवास्तव के जल्द ही नया कार्यभार संभालने की उम्मीद है। मार्च 2021 में नेपाल-भूटान संभाग में संयुक्त सचिव के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले उन्होंने लगभग एक साल तक विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता के रूप में कार्य किया। श्रीवास्तव ने सितंबर 2016 से फरवरी 2020 तक इथियोपिया और अफ्रीका में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवाएं दीं।

## संविधान देश का डीएनए है, लेकिन भाजपा-आरएसएस के लिए यह एक कोरी किताब है : राहुल

**अमरावती/चिमूर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान को देश का 'डीएनए' मानती है, लेकिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के लिए यह एक कोरी किताब है। पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि संविधान में यह कहीं भी नहीं लिखा है कि विधायकों की खरीद-फरोख्त के जरिये राज्यों में सरकारें गिराई जा सकती हैं, जैसा कि महाराष्ट्र में किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी नहीं लिखा है कि बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया जा सकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, कांग्रेस संविधान को देश का डीएनए मानती है, जबकि भाजपा और आरएसएस के लिए यह एक कोरी किताब है। राहुल की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के इस दावे के मद्देनजर आई है कि कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की ऐसी प्रति दिखा रहे हैं, जिसके अंदर के पन्ने खाली हैं। राहुल ने कहा, मेरी बहन ने मुझे बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों उसी मुद्दे पर बोल रहे हैं, जिसे मैं उठाता रहा हूं।

## हिमाचल कैबिनेट ने तीन नगर परिषदों को नगर निगम बनाने की मंजूरी दी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कैबिनेट ने शनिवार को तीन नगर परिषदों को नगर निगम जबकि दो नगर पंचायतों को नगर परिषद बनाने को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में छह नयी नगर पंचायत बनाने का भी फैसला किया गया। ये नगर पंचायत धर्मपुर, संधोल, भोरंज, बड़सर, कुनिहार और बंगाणा हैं। मंत्रिमंडल ने नगर परिषदों हमीरपुर, ऊना और बद्दी को नगर निगम जबकि नगर पंचायत नादौन और जवाली को नगर परिषद बनाने को मंजूरी दी। बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों के अंतर्गत अतिरिक्त क्षेत्रों को शामिल करने को भी मंजूरी दी। बैठक में मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का अतिरिक्त 'टॉप-अप कवर' प्रदान करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने लोक निर्माण विभाग में बहुउद्देशीय कर्मचारियों का मानदेय 4,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति माह करने को भी मंजूरी दी।

## झांसी के अस्पताल में आग की घटना ने विवेक विहार की भयावह स्मृति को ताजा किया

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक सरकारी अस्पताल में आग लगने की घटना ने विवेक विहार घटना की भयावह स्मृति को ताजा कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी के विवेक विहार में 25 मई की रात को सात नवजात शिशुओं की आग में झुलसकर मौत हो गई थी। विवेक विहार में हुई घटना का दंश झेलने वाले शिशुओं के परिजनों का कहना है कि ऐसी घटनाएं तभी रुक सकती हैं जब प्रशासन संवेदनशीलता दिखाए और अस्पतालों में सुरक्षा को प्राथमिकता दे। नवजात शिशु अस्प-ताल में आग लगने से अपने जुड़वा बच्चों को खोने वाली सीमा ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण घटना हुई। सीमा ने कहा, मैं उस घटना को याद नहीं करना चाहती, जिसमें मैंने अपने दो बच्चों को खो दिया। यह सिर्फ एक व्यक्ति की गलती नहीं थी। यह पूरे प्रशासन की गलती थी और वहां (झांसी में) भी ऐसा ही हुआ होगा। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति में सुधार नहीं किया जाता, ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में स्थित निजी 'बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल' में 25 और 26 मई की मध्य रात्रि को आग लगने की घटना में सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच बच्चे घायल हो गए। इनमें से चार को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### अस्पताल में आग लगने से शिशुओं की मौत को लेकर एनएचआरसी का उप्र सरकार, डीजीपी को नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शनिवार को कहा कि उसने झांसी के एक अस्पताल में बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना के सिलसिले में उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। इस घटना में 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई है। घटना की खबरों को ''परेशान करने वाला'' बताते हुए आयोग ने एक सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा कि घटना से जुड़ी खबरें ''वास्तव में परेशान करने वाली है और लापरवाही को दर्शाती है,'' जिसके परिणामस्वरूप पीड़ितों के मानवाधिकारों का ''गंभीर हनन'' हुआ है क्योंकि वे एक सरकारी संस्थान की देखरेख में थे।

## राहुल गांधी के संसद में आने के बाद से लोकसभा में बहस का स्तर गिरा : रीजीजू

**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीज-ीजू ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद में आने के बाद से लोकसभा में बहस का स्तर गिर गया है। संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और महायुति के पक्ष में एक खामोश लहर है और 'लाडकी बहिन' योजना से सत्तारूढ़ गठबंधन को लाभ होगा। रीजीजू 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के लिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी के आने के बाद से लोकसभा में बहस का स्तर गिर गया है। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो बात कर सकते हैं और बहस कर सकते हैं लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस के पास ऐसा कोई नहीं है, और जो लोग बहस करना चाहते हैं वे राहुल गांधी से डरते हैं।'' रीजीजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ सांसदों ने उन्हें बताया है कि वे बहस और चर्चा करना चाहते हैं लेकिन नेता विपक्ष नहीं चाहते क्योंकि वह बहस नहीं कर सकते और वह कुछ एनजीओ द्वारा दी गई चिट पढ़ते हैं। उन्होंने गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें दलितों, आदिवासियों, संविधान और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में बोलने का अधिकार नहीं है।

## यातायात पुलिस ने ग्रैप तीन का तीसरा चरण लागू होने के बाद एक करोड़ रुपये के चालान काटे

**नयी दिल्ली :** दिल्ली यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (ग्रैप) का तीसरा चरण लागू होने के बाद बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध के पहले दिन शुक्रवार को कुल एक करोड़ रुपये से अधिक के लगभग 550 चालान काटे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यातायात पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) नहीं होने के कारण 4,855 वाहनों के चालान काटे। अधिकारियों ने बताया कि 4,855 वाहनों के चालान की कुल राशि 4.8 करोड़ रुपये है।

## भाजपा नेता चुनावों को धार्मिक रंग देने के लिए 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठा रहे हैं : शरद पवार



**सतारा :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के उनके सहयोगियों पर ''वोट जिहाद'' का मुद्दा उठाकर आगामी विधानसभा चुनाव को धार्मिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। शरद पवार (83) शनिवार को पुणे में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने का काम जनता पर छोड़ दिया कि शरद पवार के बाद नेतृत्व की अगली पंक्ति में वह (अजित) होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति सरकार के खिलाफ एक इस्लामी विद्वान द्वारा कथित तौर पर की गई 'वोट जिहाद' की अपील का जिक्र करते हुए फडणवीस ने शुक्रवार को इसका मुकाबला करने के लिए 'वोटों के धर्मयुद्ध' का आह्वान किया था। मतदाताओं से फडणवीस की अपील के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि यह भाजपा नेता ही थे जिन्होंने 'वोट जिहाद' का मुद्दा उठाया था। फडणवीस ने लोकसभा चुनावों के दौरान कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अल्पसंख्यकों द्वारा विपक्षी गुट महा विकास आघाडी (एमवीए) का समर्थन करने का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की थी।

## भारत को 50 प्रतिशत छात्रों के लिए 2,500 विश्वविद्यालयों की जरूरत : नीति आयोग के सीईओ

**हैदराबाद :** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि विश्वविद्यालयों में 50 फीसदी छात्रों के दाखिले के लिए भारत को विश्वविद्यालयों की संख्या दोगुनी कर 2,500 करने की जरूरत है। शुक्रवार को यहां 'इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस' (आईएसबी) में अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय और दो कॉलेज खोले जाते हैं लेकिन उपयुक्त आयु वर्ग के केवल 29 फीसदी छात्र ही विश्वविद्यालयों में दाखिला लेते हैं। सुब्रमण्यम ने कहा, ''आज हमारे पास 1,200 विश्वविद्यालय हैं और चार करोड़ से कुछ अधिक छात्र हैं लेकिन उनमें से केवल 29 प्रतिशत विश्वविद्यालय प्रणाली में दाखिला लेते हैं। असल में कम से कम 50 प्रतिशत छात्रों को कॉलेजों में होना चाहिए।''

## उद्योग महाराष्ट्र से चले गये क्योंकि एमवीए सरकार ने उसका साथ नहीं दिया था : मुख्यमंत्री



**त्नागिरि :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को दावा किया कि उद्योग राज्य से इसलिए चले गये क्योंकि पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने उसका साथ नहीं दिया लेकिन अब स्थिति बदल गयी है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस तटीय जिले में गुहागर विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र ने फिर देश में शीर्ष स्थान हासिल किया है और कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में 52 फीसदी इस राज्य में आया। उन्होंने कहा, ''महा विकास आघाड़ी के कारण उद्योग राज्य से चले गए क्योंकि उन्हें (सरकार से) समर्थन नहीं मिला और इसके लिए हमें दोषी ठहराया जा रहा है। आप (एमवीए) बताएं कि आपने ढाई साल में क्या किया। मैं राज्य में लाए गए उद्योगों और चालू उद्योगों का हिसाब देने के लिए तैयार हूं। लोगों को सच्चाई बताइए।'' शिंदे ने दावा किया कि शिवसेना-भाजपा सरकार ने पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश लाया है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि वर्तमान शासन में कुछ बड़ी परियोजनाएं महाराष्ट्र से गुजरात चली गयीं।

## वर्ग पहेली नं. 2919



➲ *बायें से दायें:-* 1) महत्त्वाकांक्षा; लालसा, 3) तेल में नमक-मिर्च के साथ तली हुई दाल, 6) शिथिलता, 8) गरदन, 10) नवयौवन, 12) राय; नहीं, 14) जुगत; शोबदा; बनावटी कोमल चेष्टा और बातचीत, 15) श्रेष्ठ, 17) विधवा, 18) जैसे ही; जिस समय, 20) प्रथा, 21) बुद्धिमान, 25) प्रतिबंध, 26) सब एकसाथ, 28) बाज़ार, 30) तक; पर्यंत, 31) इटली की राजधानी, 32) लाड़प्यार, 33) सामंजस्यहीन.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) स्वर्ण जयंती; पचास, 2) नकबेसर, 3) भोज, 4) जुल्फ़, 5) लुटेरा; बटमार, 7) आजीविका; कामधंदा, 9) सौंदर्य, 11) शक्तिवान, 13) नोक, 16) धूल, 17) चकले पर लोई रखकर पतला करना, 19) केवल; सत्ताकेंद्र, 20) चमकदार, 22) *जैसे-* वाल्मीकि, 23) तुरंत, 24) दया, 27) अंदर, 29) चिन्ह; नुक़्ता; बिंदी, 31) देहविकार; मर्ज़.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-2879

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 5 | | | | 1 | 6 |
| | 7 | 8 | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | 8 | | |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | 5 | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2878 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 |

# तृणमूल पार्षद को मुख्यमंत्री ममता व अभिषेक ने किया फोन, फिरहाद भी पहुंचे घर

- ❑ बिहार के रहने वाले किराए के शूटरों को दी गई थी सुशांत घोष की सुपारी
- ❑ 'मास्टर माइंड' इकबाल सहित अबतक तीन गिरफ्तार,
- ❑ महज 10 हजार रुपये में तृणमूल पार्षद की हत्या की कोशिश
- ❑ कोलकाता पुलिस आयुक्त ने घटनास्थल का किया दौरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा इलाके में तृणमूल पार्षद सुशांत घोष पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पार्षद सुशांत घोष की हत्या के प्रयास के 'मास्टर माइंड' अफरोज खान उर्फ मोहम्मद इकबाल उर्फ गुलजार को गिरफ्तार कर लिया। हलांकि, शुरुआत से माना जा रहा है कि वारदात के पीछे कोई और ही है। जांचकर्ताओं के सूत्रों के मुताबिक, वारदात के बाद इकबाल बंगाल से भागने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, उससे पहले ही उसे लालबाजार की गुण्डा दमन शाखा के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पार्षद को खुद मुख्यमंत्री व तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने फोन कर कहा कि उन्हें घबड़ाने की जरुरत नहीं है पार्टी उनके साथ खड़ी है। उक्त बात खुद सुशांत घोष ने बातचीत में बताई। वहीं, तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी व कोलकाता के मेयर व राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने भी वार्ड 108 के तृणमूल पार्षद को फोन कर मामले की जानकारी ली और कहा कि पार्टी उनके साथ है। शनिवार की सुबह मेयर राजडांगा स्थित पार्षद के घर भी गए और उनसे आमने सामने बातचीत भी की। इसके बाद, तृणमूल पार्षद ने कहा कि वह अब डरने वाले नहीं है और वह मामले में सख्त हो चुके है और इसका पटाक्षेप देखकर ही दम लेगें। इधर, पुलिस को प्रथामिक जांच में पता चला है कि पार्षद पर जानलेवा हमले के लिए किराए के गुण्डे यानी शूटर को बिहार स्थित बैशाली जिले से बुलाया गया था। पुलिस के अनुसार, पार्षद पर गोली चलाने की कोशिश में जो युवक युवराज सिंह को वारदातस्थल से पकड़ा गया था उसने काई चौकाने वाले राज खोले है। गिरफ्तार के अनुसार, वह अपने साथी अहमद के साथ बिहार से मात्र 10 हजार रुपए के ठेके में वारदात को अंजाम देने के लिए आया। लेकिन, हाथ में मात्र ढाई हजार रुपए ही मिले थे। उन्होंने बिहार से हावड़ा तक ट्रेन से पहुंचे फिर कोलकाता के पोर्ट क्षेत्र में टैक्सी से आए और फिर पार्क सर्कस इलाके में गए। वारदात में युवराज के अलावा 'मास्टर माइंड' अफरोज खान उर्फ मोहम्मद इकबाल उर्फ गुलजार की गिरफ्तारी तो हो चुकी है, लेकिन वारदातस्थल से भागने में कामयाब हो चुके अहमद की तलाश पुलिस को जारी है। गिरफ्तार इकबाल ने ही भाड़े के शूटरों को नाइन एमएम पिस्तौल प्रदान किया था ताकि वारदात को अंजाम दिया जा सके। पुलिस का कहना है कि पड़ताल हो रहा है और इस बात की जांच कि जा रही है कि इकबाल ने पार्षद की हत्या की सुपारी भाड़े के शूटरों को क्यों दी। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि सुशांत घोष की हत्या के लिए बिहार के वैशाली से 5-6 अपराधियों को ठेके पर लाया गया था। वारदात में लिप्त व फरार अन्य आरोपियों की तलाश में कोलकाता पुलिस की टीम बिहार भी रवाना हो चुकी है। किराए के शूटरों को पोर्ट अंचल में रखा गया था। जिस टैक्सी चालक ने उक्त लोगों को हावड़ा से पोर्ट अंचल में पहुंचाया खबर के लिखे जाने तक पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

**❑ आरोपियों को पुलिस हिरासत**

गिरफ्तार युवराज सिंह व अहमद को शनिवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें को 29 नवंबर तक पुलिस हिरासत में रखे जाने का निर्देश दिया गया है।

**❑ तृणमूल पार्षद की बढ़ाई गई सुरक्षा**

फायरिंग की नाकाम कोशिश के बाद कसबा के तृणमूल पार्षद सुशांत घोष की सुरक्षा बढ़ाई गई। अब से उनके साथ चार हथियारबंद सुरक्षा गार्ड रहेंगे।

**❑ पार्षद पर जानलेवा हमले पर पुलिस पर फूटा मेयर का गुस्सा**

कसबा में तृणमूल पार्षद सुषांत घोष पर शुक्रवार को हुए जानलेवा हमले को लेकर कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने पुलिस को कड़ी चेतावनी दी है। शनिवार को 'टॉक टू मेयर' कार्यक्रम के बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए फिरहाद हकीम ने कड़े शब्दों में कहा कि दूसरे राज्य के क्रिमिनल गुंडे कैसे पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रहे हैं। बस, बहुत हो गया। उत्तर प्रदेश जैसी संस्कृति यहां नहीं बनने दिया जा सकता। पुलिस की इंटेलिजेंस फेल हो रही है। पुलिस को पहले से इस घटना की सूचना क्यों नहीं थी। बाहरी गुंडे, बदमाश हथियार के साथ बंगाल में प्रवेश कर रहे हैं। इससे बंगाल की संस्कृति को नुकसान पहुंच रहा है। मैं पुलिस से कहूंगा कि कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। मैं सुशांत के परिवार के साथ हूं।

## आरजीकर अस्पताल के चेस्ट वार्ड का नाम बदलकर 'अभया वार्ड' बनाने की मांग, मुख्य सचिव को पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या की घटना की जांच अभी भी जारी है। पीड़िता के न्याय की लगातार मांग जारी है। इस बीच, जूनियर डॉक्टरों के संगठन की ओर से अस्पताल के प्रिंसिपल से चेस्ट मेडिसिन विभाग का नाम बदलकर 'अभया वार्ड' करने का अनुरोध किया गया है। दिवंगत डॉक्टर के सम्मान में जूनियर डॉक्टरों के संगठन ने मांग की है कि जिस वार्ड में उनकी ड्यूटी थी, यानी चेस्ट विभाग का नाम बदलकर 'अभया वार्ड' कर दिया जाए। जूनियर डॉक्टर ने पत्रकारों को बताया कि, ' अस्पताल में लोगों की सेवा करते वक्त उनके साथ जो हुआ, उससे हम स्तब्ध हैं, इसलिए हमें लगता है कि उस वार्ड का नाम बदलकर 'अभया वार्ड' किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि, 'हम इस मांग को लेकर शनिवार को प्रिंसिपल से मिलने गए थे, लेकिन वे कार्यालय में नहीं थे। हम चाहते हैं कि इस फैसले को चर्चा के जरिए लागू किया जाए।' जब प्रिंसिपल रहेंगे तब हम अपनी मांगों के साथ फिर से मिलने जाएंगे।'

## ईडी हवाला घोटाले में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के बैंक खातों की कर रहा जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हवाला मामले में राज्य से गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों रोनी मंडल और समीर चौधरी के बैंक खातों की जांच कर रहा है। रोनी मंडल की बहन, बहनोई और भतीजे के बैंक खातों की भी ईडी अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है, जो उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों का मानना है कि रोनी मंडल के उच्च स्तरीय प्रभावशाली राजनीतिक संपर्क हैं, जिसके कारण वह बांग्लादेशी नागरिक होने के बावजूद स्थानीय बैरकपुर नगरपालिका से उसी शहरी नागरिक निकाय के लिए ठेका कार्य करने के लिए व्यापार लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम था। जांच अधिकारियों का यह भी मानना है कि रोनी मंडल क्षेत्र में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की विभिन्न सार्वजनिक बैठकों में मौजूद था। सूत्रों ने बताया कि उनके बैंक खातों की जांच से अधिकारियों को धन के स्रोत के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिससे समय के साथ प्रभावशाली लिंक की पहचान हो सकेगी। रोनी मंडल और समीर चौधरी के अलावा, ईडी अधिकारियों ने हवाला घोटाले के सिलसिले में इस सप्ताह की शुरुआत में पिंटू हलदर और पिंकी बसु नामक दो नागरिकों को भी गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को ईडी अधिकारियों ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों के साथ पश्चिम बंगाल और झारखंड में फैले हवाला घोटाले के सिलसिले में राज्य में 12 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिसका संबंध बांग्लादेश से है। इन 12 स्थानों में उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में एक महिला का घर भी शामिल है, जिसके खिलाफ रांची में मामला दर्ज किया गया था। संबंधित महिला ने पड़ोसी बांग्लादेश से अन्य महिलाओं को रोजगार का झांसा देकर अवैध रूप से पश्चिम बंगाल में प्रवास कराया और फिर उन्हें अंतर-राज्यीय हवाला रैकेट में शामिल कर लिया, जिसमें मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल और झारखंड शामिल थे। इन बांग्लादेशी महिलाओं को हिंदू नामों वाले आधार कार्ड जैसे फर्जी दस्तावेज भी दिए गए थे। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ बांग्लादेशी महिलाएं रांची भागने में सफल रहीं और वहां के एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। चूंकि, हवाला कारोबार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के दायरे में आता है, इसलिए प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के बाद ईडी ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले को अपने हाथ में ले लिया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हवाला के जरिए आए पैसे का एक हिस्सा ट्रांसपोर्ट कारोबार में भी निवेश किया गया था।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग-टेंडर-2024-33 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में स.मं.सं.दूसं. अभि./एस.जी.ओ. खण्ड में 300 ए.एच., 200 ए.एच. की पुरानी आई.पी.एस. बैटरी एवं ट्रेक बैटरी, आई.पी.एस., अर्थिंग प्रणाली का प्रतिस्थापन कर सिग्नलिंग गियर की विश्वसनीयता में वृद्धि एवं फ्यूज ऑटो चेंज ओवर प्रणाली का प्रावधान करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 10753746.55 **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 00/- **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 2,03,800/- **समापन अवधि (माह):** 11 माह **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 09.12.2024 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग-टेंडर-2024-22 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में दोषपूर्ण केबल, पुरानी एलईडी को बदलना तथा लोकेशन बॉक्स को पुनः संरेखित/सीधा करना (सिग्नलिंग कार्य) **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 38672608.85 **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 00/- **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 3,43,400/- **समापन अवधि (माह):** 11 माह **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 16.12.2024 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (संकेत एवं दूरसंचार)**
**प.म.रे., जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# बैरकपुर नगरपालिका के लापता उप चेयरमैन का शव छत से मिला

**❑ फर्जी वीडियो के चक्कर में खुदकुशी की आशंका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर नगरपालिका के उप चेयरमैन सत्यजीत बनर्जी का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, तृणमूल पार्षद सत्यजीत बनर्जी दो दिनों से लापता थे। उनका शव शनिवार की सुबह उनकी घर की छत से बरामद किया गया। नगरपालिका उप चेयरमैन की मौत किन कारणों से हुई, पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात उनके परिवार ने पुलिस को सूचना दी। रात में पुलिस उनके घर गयी। परिवार के सदस्यों से बात की। फिर, इस दिन, सुबह करीब 10 बजे घर की तीसरी मंजिल की छत से उनका लटकता हुआ शव बरामद हुआ। एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मृत उप चेयरमैन सत्यजीत के परिवार ने दावा किया कि तृणमूल पार्षद और उत्तर बैरकपुर के उप चेयरमैन को उनके मोबाइल फोन पर फर्जी वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया गया था। मृतक के बेटे सार्थक बनर्जी ने भी कहा कि पिता के 'सुसाइड नोट' में विस्तार से लिखा गया है। जिन चार लोगों को आरोपी बताया गया है उनमे से वे दो को जानते हैं। पुलिस जांच करेगी कि कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया वीडियो असली है या नकली। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी (उत्तर) गणेश विश्वास ने कहा कि प्रारंभिक चरण में जांच शुरू हो गई है। धीरे-धीरे पूरी घटना स्पष्ट हो जाएगी। इससे ज्यादा अभी कहना संभव नहीं है। सत्यजीत की असामान्य मौत में आत्महत्या की थ्योरी को अभी भी बल मिल रहा है।

**NANDIGRAM - II Dev. Block**
**Reapara :::: Purba Medinipur**

**TENDER NOTICE**

Block Development officer, Nandigram-II Dev.Block, Purba Medinipur invites online Tender Notice against Tender Memo no-899,Dated- 14.11.2024 for 1(One) Nos Scheme.Last Date of application for above Tender is 28.11.2024 upto 2:00 P.M.
Executive officer, Nandigram-II Panchayat Samiti , Purba Medinipur invites online Tender Notice against Tender Memo no- 898 , Dated-14.11.2024 for 1(One) Nos Scheme. Last Date of application for above Tender is 21.11.2024 upto 2:00 P.M. Details of tender are available in WB Govt.tender site.

Sd/-/- Block Development Officer
Nandigram- II Dev. Block



# लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को बनाए रखे : अश्विनी वैष्णव

**कोलकाता, समाज्ञा :** द प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2024 को चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव रंजना प्रकाश देसाई और वरिष्ठ पत्रकार कुंदल रमणलाल व्यास उपस्थित रहे। राष्ट्रीय प्रेस दिवस



समारोह में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अश्विनी वैष्णव ने सभा को संबोधित करते हुए भारत के जीवंत और विविध मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला। जिसमें 35 हजार पंजीकृत समाचार पत्र, कई समाचार चैनल और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने कहा कि 4जी और 5जी नेटवर्क में निवेश ने भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे कम डेटा कीमतों के साथ डिजिटल कनेक्टिविटी के मामले में सबसे आगे पहुंचा दिया है। इसके साथ ही, मंत्री ने मीडिया और प्रेस के बदलते परिदृश्य के कारण समाज के सामने आने वाली चार प्रमुख चुनौतियों के बारे मेंचर्चा की। श्री वैष्णव ने हितधारकों से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इन चुनौतियों से निपटने के लिए खुली बहस और सहयोगात्मक प्रयासों में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को बनाए रखने और 2047 तक एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध विकसित भारत के निर्माण के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. एल. मुरुगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के कोशिशों की सराहना की, जिसमें समाचारों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने और झूठे आख्यानों का मुकाबला करने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के अंदर एक तथ्य जांच इकाई की स्थापना भी शामिल है। न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने अपने संबोधन पर इस बात पर प्रकाश डाला कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की व्यापक उपलब्धता और आध्यात्मिक मीडिया, ब्लॉग और पॉडकास्ट के लगातार उपयोग ने समाचार और सूचना तक पहुंच को काफी हद तक बढ़ा दिया है।

## बंगाल में कब किसे गोली लग जाये किसी को नहीं पता : दिलीप घोष

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर स्टील टाउनशिप में शनिवार को भाजपा की ओर से सदस्यता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष भी थे। उन्होंने डेविड हेयर मोड़ पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मिस्ड कॉल के जरिए नये सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने चित्रालय मैदान में बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल भी लगायी। इस दौरान, दिलीप घोष ने कहा कि राज्य में भयंकर हालात हैं। कब किसे गोली लग जाए, किसी को पता नहीं है। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया। पूर्व सांसद ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए साइकिल से गांव-गांव घूमा हूं। अब पार्टी की ओर से वाहन मिला है। सुरक्षा गार्ड भी दिये गये हैं। काफी समय से बाइक नहीं चलायी है। इसलिए आज बाइक चलाकर चाय



पीने आया हूं। वहीं, राज्य सरकार की आलोचना करते हुए दिलीप घोष ने कहा कि पुलिस टोल का पैसा तृणमूल नेताओं के घर तक पहुंचा रही है। इसी वजह से अपराधी उन्हें निशाना बना रहे हैं। तृणमूल नेताओं के परिजनों को अब पुलिस जांच पर भरोसा नहीं रह गया है। वे केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग करते हैं। टैब घोटाले के लिए तृणमूल जिम्मेदार है। टैब का सारा पैसा तृणमूल नेताओं की जेब में गया है। टीवी स्क्रीन पर बने रहने के लिए ममता बनर्जी ड्रामा कर रही हैं। लॉटरी घोटाले को लेकर उन्होंने कहा कि यह पैसा भी तृणमूल नेताओं की जेब में गया है। जिसे भी इसका पैसा मिला है, उसकी केंद्रीय एजेंसी से जांच करा कानून के मुताबिक सजा दी जानी चाहिए। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इस्कॉन जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

### शादी का निमंत्रण देकर लौटने के दौरान मालदह में सड़क हादसे में तीन की मौत

**मालदह :** शादी का निमंत्रण देकर लौटने के दौरान सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। हादसा शुक्रवार की देर रात मालदह के रतुआ थाने के नकट्टी ब्रिज पर हुई है। मृतकों के नाम विश्वजीत कर्मकार (25), भोला कर्मकार (23) और एनाफुल रहमान (18) हैं। इनमें विश्वजीत और भोला रिश्ते में जीजा-साला थे। एनाफुल भोला का दोस्त था। विश्वजीत का घर रतुआ थाना क्षेत्र के रामायणपुर गांव में है। जबकि, भोला का घर हरिश्चंद्रपुर के दौलतपुर में है और एनाफुल उत्तर दिनाजपुर के करणदिघी थाना क्षेत्र का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, तीनों विश्वजीत कर्माकर की भगनी की शादी का निमंत्रण देकर भालुका से बाइक से लौट रहे थे। तभी, रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर रतुआ के नकट्टी पुल पर खड़े ट्रैक्टर से जा टकरायी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रतुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### दिल्ली में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कोलकाता के डॉक्टर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मशहूर चेस्ट मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ राजा धर दिल्ली में एक भयानक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉ राजा धर कोलकाता के सीएमआरआई अस्पताल में चेस्ट के डॉक्टर हैं। वर्तमान में वे गंभीर चोटों के कारण फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में भर्ती है। शनिवार को उनकी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की गई। मालूम हो कि डॉ राजा धर दिल्ली-मथुरा एक्सप्रेसवे पर एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी रीढ़ और सिर पर गहरी चोटें आईं। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, मस्तिष्क में कोई चोट नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले एक कॉन्फ्रेंस के लिए चार प्रमुख डॉक्टर दिल्ली से कार से आगरा जा रहे थे। इनमें डॉक्टर राजा धर भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि, उनकी कार के ड्राइवर को नींद आने के कारण गाड़ी ट्रैक से जा टकरायी। इस मामले की जांच जारी है।

### आरजीकर कांड : आज मोमबत्ती जलाकर करेंगे विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामले में न्याय की मांग करते हुए रविवार को एक बार फिर लोग मोमबत्ती जलाकर प्रतिवाद करेंगे। इस कांड के 100 दिन पूरे होने पर विक्टोरिया मेमोरियल के सामने मोमबत्ती जलाकर विरोध किया जाएगा। इसके साथ ही कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में भी 100 मोमबत्ती जलाकर प्रतिवाद किया जायेगा।

## 2022 से लापता किशोर को पुलिस ने बिहार से किया बरामद

**हुगली :** हुगली जिले के गुड़ाप थाना क्षेत्र के अंतर्गत भास्तारा गांव निवासी लापता एक किशोर को पूरे दो साल बाद बिहार से बचाया गया। किशोर का नाम रौशन साव है। 2022 के दिसंबर महीने की 29 तारीख को रौशन साव बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया था। यह बच्चा हुगली जिले के गुड़ाप थाना क्षेत्र के अंतर्गत भास्तारा गांव में अपने मामा के घर में रह रहा था। इस घटना को लेकर रौशन साव के मामा भोला साव ने 2 जनवरी 2023 को गुड़ाप थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज



कराई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। लंबे समय तक चली खोजबीन के बाद 12 नवंबर को उसकी लोकेशन का बिहार में पता चला। इस केस के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर विनय विश्वास को विशेष सूत्रों से मिली गोपनीय सूचना पर उसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के हरबंजरपुर गांव से बरामद किया गया। 14 नवंबर को किशोर को चंदननगर स्थित चुंचुड़ा अदालत में पेश किया गया। सीजीएम, चुंचुड़ा के आदेश के अनुसार, नाबालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। लगभग दो साल बाद अपने बेटे को पाकर परिवार अत्यंत खुश हैं और हुगली ग्रामीण पुलिस की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा कर रहा है।

## रायगंज विवि में भारी वित्तीय नियमितताएं, कैग की रिपोर्ट में सामने आया तथ्य

❑ **राज्य के प्रिंसिपल अकाउंटेंट्स जनरल ने विवि प्रबंधन को पत्र लिखकर चार सप्ताह के अंदर जवाब मांगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल के रायगंज विश्वविद्यालय (विवि) में भारी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। कैग की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। राज्य के प्रिंसिपल अकाउंटेंट्स जनरल की ओर से इस बाबत विवि प्रबंधन को पत्र लिखकर चार सप्ताह के अंदर जवाब मांगा गया है। विवि के कुलपति दीपक कुमार राय एवं रजिस्ट्रार दुर्लभ सरकार ने बताया कि विवि की आगामी एग्जिक्यूटिव काउंसिल की बैठक के बाद जवाब सौंपा जाएगा।

कैग की रिपोर्ट के अनुसार, नियमों को ताक पर रखकर काम हुए हैं। विभिन्न संस्थाओं को मर्जी के मुताबिक विवि के विकासमूलक कार्यों के ऑर्डर दिए गए हैं और इसमें फंड को लेकर काफी गड़बड़ी हुई है। यह भी पता चला है कि कुलपति के लिए बंगले व विवि के कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण करने वाली संस्था को 25.81 लाख रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं। उक्त संस्था को नियम तोड़कर अग्रिम राशि के तौर पर 55 लाख रुपये भी दिए गए थे। विवि के लिए 97 लाख रुपये मूल्य के कुर्सी-मेज खरीदे गए, जिन्हें लाने का किराया ही पांच लाख रूपये दिखाया गया है। कैग की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विवि के कुछ प्रोफेसरों की पदोन्नति में भी नियमों का उल्लंघन हुआ है।

## भाजपा नेताओं पर जानलेवा हमला मामले में एनआईए ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में दो भाजपा नेताओं पर जानलेवा हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतल्ला इलाके से विक्की राय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने पर उसे 18 नवंबर तक के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। मालूम हो कि आरजीकर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के प्रतिवाद में भाजपा समर्थित एक संगठन की ओर से गत 24 अगस्त को बंद बुलाया था। उस दिन, प्रियांग्शु पांडे व रवि सिंह नामक भाजपा नेताओं पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। उनकी गाड़ियों पर गोलियां चलाई




गईं और बम फेंके गए। हमले में दोनों बाल-बाल बचे। इसमें विक्की राय का नाम सामने आया था, जो हमले के बाद से फरार था। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने मामले की आरंभिक जांच की, जिसके बाद इसे एनआईए को सौंप दिया गया था।

## स्वच्छता पखवाड़ा के एक भाग के रूप में सौर ऊर्जा पर व्याख्यान का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** डीजी-सीआई एंड एस ने कोलकाता के साइंस सिटी के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा के एक भाग के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। हरित ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा की थीम पर आयोजित इन कार्यक्रमों में कई तरह की गतिविधियां शामिल रही। इस कार्यक्रम की शुरूआत में गीतांजलि सोलर एंटरप्राइज के संस्थापक और सीईओ अनुपम बराल ने सौर ऊर्जा: अनुप्रयोग और अवसर पर एक व्याख्यान पेश किया। इस दौरान उन्होंने काफी बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। सौर ऊर्जा क्षेत्र के विविध अनुप्रयोगों और




उभरते अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए श्री बराल ने भारत के भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने में स्थिरता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद, उन्होंने सौर लालटेन के निर्माण और रखरखाव पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें विभिन्न एनजीओ के लगभग 100 वंचित बच्चे शामिल हुए।

## भूकंप से बचेगा ऐतिहासिक न्यू मार्केट, शहर के बीचोबीच लगेगी 'सेस्मिक बीम'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता शहर को भूकंप से बचाए रखने के लिए शहर के बीचोबीच 'सेस्मिक बीम' लगाने की बात चल रही है। यह तकनीक राज्य के पहले नगर निगम बाजार कोलकाता में स्थापित की जाएगी। हालांकि, इसके लिए कई तैयारियों की आवश्यकता होती है। जिसके बाद ही 'सेस्मिक बीम' लगाने का अंतिम निर्णय लिया जाता है। कोलकाता का ऐतिहासिक न्यूमार्केट एक विरासत स्थल है। विशेषज्ञों के मुताबिक, कोलकाता भूकंप संभावित शहर है। इसके केंद्र में, एसएस हॉग मार्केट 1874 में बनाया गया था। करीब 150 साल पहले कोलकाता नगर निगम ने इस बाजार का अधिग्रहण कर लिया था। हाल के नगर निगम आंकड़ों के अनुसार, कम से कम 3 हजार



व्यापारी प्रतिदिन व्यापार करते हैं। इस हेरिटेज बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र में 'सेस्मिक बीम' लगाने की व्यवस्था की गई है। बाजार विभाग से 'सेस्मिक बीम' की स्थापना के लिए लगभग 26 करोड़ रुपये की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार की जा चुकी है। दो दिन पहले संभागीय महापौर परिषद ने मार्केट और अन्य विभागीय इंजीनियरों के साथ न्यूमार्केट क्षेत्र का दौरा किया था। कोलकाता नगर पालिका सूत्रों के मुताबिक, 'सेस्मिक बीम' काफी हद तक टावरों की तरह होती हैं। लेकिन इसे इंस्टॉल करने के लिए काफी जगह की जरूरत होती है। इसके लिए सबसे पहले व्यापारियों से चर्चा की जाएगी, जिसके बाद कोई कदम उठाया जाएगा।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों की टीम स्मार्ट इंडिया हैकथॉन ग्रैंड फिनाले में पहुंची



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों की 5 टीमों को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 में ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया है। ग्रैंड फिनाले 11-12 दिसंबर 2024 को मैंगलोर में आयोजित किया जाएगा। जिन छात्र टीमों का चयन किया गया है, उनमें साइनवेव, पैराडॉक्स इनोवेटर, कॉनेक्सस, कृषि सहायक और द एनिग्मा टीम शामिल है। इसके अलावा अन्य दो टीमें भी प्रतीक्षा सूची में हैं, जिसमें ट्राइवेलिक्स और निर्वाण हेल्थ चेन शामिल है। हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी ने कहा, हम छात्रों की टीमों को शुभकामनाएं देते हैं, जिन्होंने कड़े एलिमिनेशन राउंड के बाद ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई थी। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवालने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक उत्कृष्ट मंच है, जहां छात्र अपनी नवीन परियोजनाओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे यकीन है कि एचआईटीके के छात्रों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही, हमारे संस्थान द्वारा आयोजित आंतरिक हैकथॉन, हैक हेरिटेज 2024 ने उन्हें ग्रैंड फिनाले तक पहुंचने में बहुत मदद की है।

## पूर्व रेलवे ने महिला सुरक्षा पहल के तहत अभियान चलाते हुए 513 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा 'महिला सुरक्षा' पहल के तहत महिला यात्रियों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। इस दौरान महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों पर अनधिकृत प्रवेश और कब्जे को रोका जाता है। 1 नवंबर से 12 नवंबर के बीच, आरपीएफ अधिकारियों ने इन निर्दिष्ट महिला-केवल क्षेत्रों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 162 के तहत सख्त कार्रवाई की। इस धारा में महिलाओं के लिए आरक्षित ट्रेन के किसी क्षेत्र में प्रवेश करने या रुकने वाले पुरुष यात्रियों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, रेलवे कर्मचारी द्वारा उन्हें क्षेत्र से हटाया जा सकता है, और उनका टिकट या पास जब्त किया जा सकता है। आरपीएफ ने पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों में सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी के साथ जुर्माना वसूल किया। हावड़ा डिवीजन में 127 मामले दर्ज किए गए। जिसमें से 127 गिरफ्तारी हुई और 4,550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सियालदह डिवीजन में 194 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 194 की गिरफ्तारी और 24,400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। मालदह डिवीजन में 26 मामले दर्ज हुए। जिसमें 33 लोगों की गिरफ्तारी और 800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। आसनसोल डिवीजन में 131 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 159 गिरफ्तारी और 28,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पूर्व रेलवे में कुल मामले 478, कुल गिरफ्तारियां 513 और 58,500 रुपये का कुल जुर्माना वसूला गया।

## केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल का दीक्षांत समारोह, 35 काउंसलरों का मिला प्रमाण पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल (इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड ओपीडी क्लिनिक) की अकादमिक शाखा, एकेडेमिया का केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल काउंसलिंग दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास में महावाणिज्यदूत कैथी गाइल्स-डियाज ने 35 काउंसलर के चौथे बैच को प्रमाणपत्र प्रदान किए। दीक्षांत समारोह की शुरुआत से पहले, मनोचिकित्सक और केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ. मीनू बुधिया के साथ विशिष्ट अतिथियों ने यहां प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल



करने के लिए संस्थान का दौरा किया। केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल मनोवैज्ञानिक परामर्श में आवश्यक डिप्लोमा सहित कई विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से इस विभाजन को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है। कोलकाता में अमेरिकी महावाणिज्य दूत - कैथी गाइल्स डियाज़ ने कहा, मुझे केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल का दौरा करने का मौका मिला और मैं संस्था द्वारा किए जा रहे काम से प्रभावित और प्रेरित हूं। मुझे इस दीक्षांत समारोह में शामिल होकर लगता है कि यह वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य को सामने लाने और एक संसाधन के रूप में सक्षम होने के लिए अधिक परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित करने के महत्वपूर्ण कार्य को दर्शाता है। मैं केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे काम की सराहना करती हूं और सभी छात्रों को बधाई देती हूं। डॉ. मीनू बुधिया ने कहा, मैं जीवन की छात्रा हूं और जीवन भर की छात्रा हूं। मैंने अपनी सीखने की यात्रा एक ऐसे ही पाठ्यक्रम से शुरू की, जिसके बाद मेरी शादी के 20 साल बाद कई और कोर्स किए। मेरा मिशन मानसिक स्वास्थ्य को हर घर में डाइनिंग टेबल पर बातचीत का विषय बनाना है और इसके लिए हमें और अधिक परामर्शदाताओं की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता है क्योंकि प्रत्येक स्नातक हमें हमारे देश में अधिक प्रमाणित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की आवश्यकता को पूरा करने के करीब लाता है।

## न्यूज अपडेट

### भांजू को 16.5 मिलियन डॉलर की सीरीज बी फंडिंग मिली

**कोलकाता, समाज्ञा :** नीलकंठ भानु द्वारा स्थापित प्रमुख ग्लोबल मैथ-लर्निंग एडटेक स्टार्टअप, भांजू को सीरीज बी फंडिंग राउंड में 16.5 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है। यह फंडिंग एपिक कैपिटल ने दी है, जिसमें जेड3 वेंचर्स, एट रोड्स और लाइटस्पीड वेंचर्स का सहयोग भी शामिल है। इस निवेश का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में भांजू की पहुंच 1 करोड़ छात्रों तक बढ़ाना, ताकि भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में गणित विषय को सबसे आसान भाषा के रूप में पहचान दिलाई जा सके। भांजू ने पिछले फंडिंग राउंड से अब तक 8 गुना बढ़त हासिल की है और रीसब्सक्रिप्शन में भी 5 गुना वृद्धि देखी गई है। भांजू की स्थापना दुनिया के सबसे तेज गणना करने वाले नीलकंठ भानु ने की है, जिन्होंने शकुंतला देवी के वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तोड़े हैं। भांजू को नए एवं बेहद सरल तरीके से गणित पढ़ाने के लिए जाना जाता है।

### मारुति सुजुकी ने लॉन्च की नई डिजायर : जिसमें है बेजोड़ स्टाइल, अतुल्नीय प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शानदार नई डिजायर को पेश किया है। इसे नए प्रोग्रेसिव स्टाइल के साथ तैयार किया गया है। इलेक्ट्रिक सनरूफ, 360 एचडी व्यु कैमरा, सुजुकी कनेक्ट और नए एलईडी क्रिस्टल विज़न हैडलैम्प जैसे सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स से सुसज्जित है। नई डिजायर दुनिया के सबसे थर्मल सक्षम जेड-सीरीज 1.2 लीटर इंजन से संचालित है, जो पेट्रोल एमटी में 24.79 किमी/लीटर और एस-सीएनजी पावरट्रेन में 33 नई मारुति सुज़ुकी डिजायर 15 से ज्यादा टॉप-ऑफ-द-लाइन सेफ्टी फीचर्स से लैस है। इसमें 6-एयरबैग्स, 3-प्वॉइंट ईएलआर सीटबेल्ट, हिल-होल्ड असिस्ट के साथ चाइल्ड सीट एंकरेज सभी संस्करण में मानक रूप से शामिल हैं। मारुति सुजुकी के पोर्टफोलियो में सबसे सफल और प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक के रूप में, डिजायर ने देशभर में 27 लाख से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा हासिल किया है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**कोलकाता, समाज्ञा :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 11 नवंबर से 16 नवंबर, 2024 तक 'विजिलेंस अवेयरनेस वीक' मनाया। बैंक का उद्देश्य अपने कर्मचारियों को सतर्क रहने के महत्व पर जागरूक करना और उनके बीच बैंकिंग के नैतिकतापूर्ण अभ्यासों को बढ़ावा देना था। इस साल अपने कर्मचारियों के लिए बैंक का कैंपेन 'वाच आउट फॉर ईच अदर' पारस्परिक सतर्कता के महत्व पर जोर देता है और यह भारत सरकार की थीम ''देश की समृद्धि के लिये ईमानदारी आधारित बैंकिंग की संस्कृति'' से भी मेल खाता है। कर्नाटक सरकार में पुलिस महानिदेशक- सीआईडी, आईपीएस डॉ. एम. ए. सलीम ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन करते हुए आयोजन का उद्घाटन किया और फिर प्रमुख भाषण दिया। इस मौके पर बैंक के बोर्ड की अंकेक्षण समिति की स्वतंत्र निदेशक एवं चेयरपर्सन सुधा सुरेश, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संजीव नौटियाल, पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक कैरोल फुर्टाडो और चीफ विजिलेंस ऑफिसर जॉन क्रिस्टी उपस्थित हुए।

### इस वर्ल्ड डायबिटीज डे पर अपनी रोजाना की डाइट में बादाम को करें शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है। भारत, को दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में भी जाना जाता है। डायबिटीज को काबू में रखने का एक तरीका यह भी है कि हमें बादाम जैसे पौष्टिक फूड को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और डाइटरी फाइबर शामिल हैं। ये पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद करते हैं। रितिका समद्दार, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ने कहा, डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए, मैं प्रोटीन, फाइबर और जटिल कार्बोहाइड्रेट को प्राथमिकता देने के लिए उनकी डाइट में सुधार करने की सलाह देती हूं। दाल, बादाम जैसे नट्स, हरी पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार ब्लड शुगर में बढ़ोतरी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

### एलजी ने पावरफुल साउंड, पोर्टेबिलिटी और स्टाइल के साथ लॉन्च की नई एक्सबूम सीरीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने ऑडियो लाइन-अप में एलजी एक्स बूम सीरीज को पेश किया है। जिसमें, एक्सजी2टी, एक्सएल9टी और एक्सओ2टी मॉडल शामिल हैं। इस नए कलेक्शन को बेहतर साउंड क्वालिटी, बेहतर पोर्टेबिलिटी और शानदार फीचर्स के साथ ऑडियो अनुभव को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो देशभर में संगीत प्रेमियों के लिए इनडोर और आउटडोर दोनों जरूरतों को पूरा करता है। ब्रायन जंग, डायरेक्टर, होम एंटरटेनमेंट डब्ल्यू इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा, नई एक्सबूम सीरीज के लॉन्च के साथ, एलजी ऐसे ऑडियो प्रोडक्ट्स लेकर आया है, जो टेक्नोलॉजी और सुविधा का एक उत्कृष्ट मिश्रण हैं। इन मॉडल्स को हमारे ग्राहकों के ध्वनि अनुभव के तरीके को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जो पावरफुल ऑडियो, शानदार फीचर्स और मजबूती के साथ हर वातावरण के अनुकूल है।

### 360 वन वेल्थ ने क्रिसिल के साथ मिलकर 'द वेल्थ इंडेक्स' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** 360 वन वेल्थ ने क्रिसिल के सहयोग से द वेल्थ इंडेक्स रिपोर्ट का नवीनतम संस्करण जारी किया। यह इंडेक्स भारत के अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ व्यक्तियों (यूएचएनआई) और हाई-नेट-वर्थ व्यक्तियों (एचएनआई) के निवेश व्यवहार, वरीयताओं और धन प्रबंधन रुझानों पर एक विस्तृत शोध और विश्लेषण है। रिपोर्ट 388 यूएचएनआई और एचएनआई के बीच किए गए व्यापक सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी पर आधारित है। वेल्थ इंडेक्स भारत के हाई नेट वर्थ और अल्ट्रा हाई नेट वर्थ वाले लोगों के वित्त व्यवहार और निवेश प्राथमिकताओं का खुलासा करता है। यह घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था में बाहरी ट्रिगर्स के प्रति उनकी जागरूकता स्तर और प्रतिक्रियाओं, धन प्रबंधकों के साथ उनके जुड़ाव, उत्तराधिकार नियोजन और परोपकार के बारे में उनकी धारणा की भी जांच करता है। धनी लोग पारंपरिक परिसंपत्तियों से परे जा रहे हैं। पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाएं, वैकल्पिक निवेश कोष और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट जैसे विकल्प लोकप्रिय हो रहे हैं।

# 50 लाख सदस्य नहीं हुए तो बैठक में 'नो एंट्री'! बंगाल बीजेपी को दिल्ली से सख्त संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के बीजेपी नेता थोड़ा परेशान हैं। 20 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली सदस्यता समीक्षा बैठक में कम से कम 50 लाख सदस्य नहीं बनाने पर बंगाल बीजेपी नेताओं की 'नो एंट्री' होगी। केंद्रीय नेताओं से इतना कड़ा संदेश मिलने के बाद से बंगाल के बीजेपी नेता काफी चिंतित हैं। पार्टी का एक महीने यानी नवंबर महीने तक 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य था। सदस्यता संग्रह के प्रभारी भाजपा के केंद्रीय सचिव ऋतुराज सिंह ने निराशा व्यक्त की है कि बंगाल में सदस्यता अभियान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इसके बाद,



20 नवंबर को सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली में हुई केंद्रीय बीजेपी की समीक्षा बैठक में बंगाल बीजेपी को 50 लाख सदस्य बनाने की बात कही गई थी। हालात से निपटने के लिए राज्य के नेताओं ने आनन-फानन में बैठक की। 10 नवंबर को पूरे राज्य में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान 17 नवंबर यानी आज भी जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साल्टलेक में एक समारोह में बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। उस दिन, राज्य भर में 35 हजार से अधिक सदस्य एकत्र हुए थे। लेकिन, उसके बाद रोजाना औसतन 17 से 18 हजार सदस्य ही बने। 10 नवंबर को विशेष सदस्यता अभियान में 73 हजार करीबन सदस्य बनाये गये हैं। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, अब तक उत्तर और दक्षिण बंगाल को मिलाकर करीब 15 लाख सदस्य जुटाए जा चुके हैं। इस बार, निश्चित रूप से, मिस्ड कॉल की संख्या में सदस्यों की गिनती नहीं हो रही है। ऐप पर जाकर फॉर्म भरने के बाद ही सदस्य को पकड़ा जा सकेगा। अब पार्टी में यह बड़ा सवाल है कि क्या तय अवधि में सदस्य जुटाने का लक्ष्य पूरा होगा या नहीं? हालांकि, प्रदेश बीजेपी नेताओं का दावा है कि तय अवधि में भर्ती का लक्ष्य पूरा करना संभव होगा। दूसरी ओर, भले ही बीजेपी नेतृत्व सोशल मीडिया पर सक्रिय है, लेकिन दिल्ली नेतृत्व को यह खबर मिली है कि बंगाल में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उस तरह से फील्ड में नजर नहीं आते हैं।

# शरीर में रूसी रसायन का प्रभाव तो नहीं है, अर्जुन सिंह ने कराई मेडिकल जांच

❑ **भाजपा के पूर्व सांसद ने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में ढाई घंटे कराया टेस्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीआईडी ने वर्षों पुराने भ्रष्टाचार के एक मामले में पूछताछ के लिए भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को अपने मुख्यालय भवानी भवन बुलाया था। इस दौरान, अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया था कि उनकी हत्या के लिए 'रशियन केमिकल' मंगाया गया है। इसके बाद, शनिवार को अर्जुन सिंह ने कोलकाता के बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में अपनी शारीरिक जांच कराई की कहीं उनके शरीर पर रशियन केमिकल तो नहीं छोड़ा गया है। दोपहर में सभी परीक्षणों के बाद अर्जुन ने कहा कि उन्होंने अपने सभी अंगों की जांच कराई है। इसमें करीब



ढाई घंटे लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ए टू जेड सभी परीक्षण कराया है। कुल मिलाकर 14 परीक्षण हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सीआईडी ने गुरुवार को अर्जुन को भवानी भवन बुलाकर टेंडर भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ की थी। अर्जुन के करीबियों का कहना है कि तब से दादा (अर्जुन सिंह) चिंतित हैं। उन्हों ने आरोप लगाया है कि सीआईडी जांच के नाम पर बुलाकर केमिकल छिड़क देता है, जिससे दो से तीन महीने बाद मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण मृत्यु हो सकती है। शायद उनके साथ भी ऐसा हुआ होगा। इस दिन, भाजपा नेता ने अस्पताल से निकलने के बाद कहा कि उन्हें ज्यादा भागदौड़ नहीं करनी पड़ी। अस्पताल के अधिकारियों ने सभी शारीरिक परीक्षाओं की व्यवस्था एक ही स्थान पर कर दी। दो दिनों के भीतर यह पता लगाने के लिए विभिन्न परीक्षण किए गए कि क्या उनके शरीर में कोई प्रतिक्रिया तो नहीं हुई, क्या कोई दूषित वस्तु डाली तो नहीं गई थी। हृदय, किडनी और लीवर की जांच की गई। अर्जुन ने कहा कि उनके शरीर में रूसी रसायन का प्रभाव है या नहीं, यह देखा जा रहा है। मैंने एहतियात के तौर पर परीक्षण कराया है। मुझे अगले एक-दो दिन में मेडिकल रिपोर्ट मिल जाएगी।

# बिना पूछे प्रसूता का गर्भाशय निकालने का आरोप

## डोमजूर में एक नर्सिंग होम के सामने मचा हंगामा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थानांतर्गत इलाके में स्थित एक नर्सिंग होम में प्रसव के बाद प्रसूता का गर्भाशय निकालने का मामला सामने आया है। इस घटना की खबर फैलते ही नर्सिंग होम में परिजनों ने जमकर हंगामा और तोड़फोड़ किया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह प्रसूता आठ बजे काटलिया इलाके स्थित नासिरा बेगम को नर्सिंग होम में भर्ती हुई थी। डॉ अंतरा दास उसे लेकर ऑपरेशन थियेटर गयीं और प्रसूता ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने उनसे बिना पूछे प्रसूता का गर्भाशय काटकर निकाल दिया। वहीं, डॉ अंतरा दास के मुताबिक,



ऑपरेशन थियेटर में प्रसव के समय प्रसूता की तबीयत काफी बिगड़ रही थी, काफी खून निकल रहा था। इस परिस्थिति में प्रसूता की जान बचाने के लिए गर्भाशय को निकालने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रसूता के पति से पूछकर ही ऐसा किया गया है।

## पुलिस ने 70 भैंसों को तस्करों से बचाया, 7 गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** बाली के निश्चिंदा थानांतर्गत इलाके में छापेमारी के दौरान पुलिस ने 70 भैंसों को तस्करी से बचाया। इस मामले में पुलिस ने 7 तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, निश्चिंदा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर माइती पाड़ा जीरो प्वाइंट में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 5 गाड़ियों में कुल 70 भैंसों को ले जाया जा रहा था। गाड़ी के चालक और खलासी उन जानवरों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जिसके बाद भैंसों के साथ वाहनों को जब्त कर लिया और 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में बचाए गए सभी भैंसों को गौशाला भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विश्वनाथ सेवा समिति के विश्राम गृह मालिया में निशुल्क कावड़िया सेवा

**हुगली, समाज्ञा :** तारकेश्वर मार्ग में विश्वनाथ सेवा समिति के विश्राम गृह में कार्तिक पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर तारकेश्वर मंदिर जाने वाले कावड़ियों एवं श्रद्धालु भक्तों हेतु निःशुल्क सेवाकार्य किया गया। विश्वनाथ सेवा समिति ट्रस्ट के विश्राम गृह में कावड़ियों एवं श्रद्धालु भक्तों हेतु निःशुल्क पूड़ी-सब्जी, चाय-बिस्कुट, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, स्नानागार, विश्राम आदि की व्यवस्था समाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश गुप्ता एवं सुमित निगानिया (धनिया) की प्रत्यक्ष निगरानी में की गई। हजारों कावड़ियां एवं श्रद्धालु भक्तों ने इस सेवा कार्य से लाभान्वित हुए। विश्वनाथ सेवा समिति ट्रस्ट के चेयरमैन गोवर्धन निगानिया, सचिव अजय कुमार निगानिया, मनीष निगानिया आदि के सलाह पर इस



तरह का शिविर प्रत्येक पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर रातभर आयोजित किया जाएगा। आषाढ़ महिना की पूर्णिमा से प्रारंभ इसवर्ष का यह पांचवा शिविर रहा। सैकड़ों कावड़ियां एवं श्रद्धालु भक्तों का डॉ. अलोक कुमार दास के द्वारा निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा कर इन्हें निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। इस शिविर को सफल बनाने में विश्वनाथ सेवा समिति ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अलावा समरेश कुमार सिंह (राजा), सोनू, विनय जायसवाल, संजय आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



कालीघाट स्काई वॉक का कार्य अंतिम चरण पर

## टैब घोटाले में दो और गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य बंगाल पुलिस ने शनिवार को टैब घोटाले के संबंध में दो और लोगों को गिरफ्तार किया और 27 प्राथमिकी दर्ज कीं। बता दें कि राज्य के सरकारी स्कूलों के 16 लाख छात्रों में से 1,911 छात्र राज्य सरकार की 'तरुणेर स्वप्नो' योजना से जुड़े साइबर धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने 120 मामले दर्ज किए हैं और मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए 13 और लोगों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने मामले की जांच करने और छात्रों के साथ धोखाधड़ी करने वालों की पहचान करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

# डीवीसी ने 559 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए जीयूवीएनएल के साथ किया समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने शनिवार को कहा कि उसने 559 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। डीवीसी ने एक बयान में कहा कि बिजली मंत्रालय द्वारा अनुमोदित समझौते से बंगाल में डीवीसी के आगामी दुर्गापुर तापीय बिजली केंद्र (एक गुणा 800 मेगावाट) से 359 मेगावाट और झारखंड में कोडरमा तापीय विद्युत केद्र चरण दो से 200 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जाएगी। समझौते पर हस्ताक्षर के मौके पर डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार और दोनों कंपनियों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। डीवीसी ने



कहा कि समझौते को डीवीसी के उपभोक्ता सम्मेलन 2024 के दौरान औपचारिक रूप दिया गया, जो दो दिवसीय कार्यक्रम 15-16 नवंबर को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में डीवीसी के देश भर के लाभार्थियों के प्रतिनिधि एक साथ आए थे।

# बाघों की गिनती के लिए सुंदरवन में 45 दिन तक लगे रहेंगे कैमरे

**कोलकाता, समाज्ञा**

सुंदरवन में बाघों की सटीक संख्या जानने के लिए कैमरा ट्रैपिंग का काम 30 के बजाय 45 दिनों तक जारी रहेगा। तस्वीरें लेने के लिए 1,444 कैमरे लगाए जाएंगे। पिछली बार की तुलना में यह संख्या नहीं बदली है। कुल मिलाकर यह कैमरा 4100 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में हर समय सुंदरवन के राजा की गतिविधियों को कैद करेगा। वे किस क्षेत्र में क्या कर रहे हैं रिकॉर्ड किया जाएगा। सुंदरवन में बाघों की गिनती की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी। इस बीच, एक दिसंबर से सुंदरवन टाइगर प्रोजेक्ट का जंगल मंगलवार की बजार शुक्रवार को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।



सुंदरवन टाइगर रिजर्व के एक अधिकारी ने बताया कि जंगल के एक बड़े हिस्से को कैमरों की नजर से कवर किया जाएगा। बाघों की अधिक तस्वीरें कैद करने के लिए कैमरे को 45 दिनों तक जंगल में रखा जाएगा। उदाहरण के तौर पर, उन्होंने कहा कि हो सकता है कि जिस जगह पर कैमरा लगा हो, वहां 30 दिनों तक बाघ नहीं आया हो। बाद में, वहां बाघ दिखाई दे। तब उसकी तस्वीर खींची जाएगी।

## दुर्गापुर हाईवे के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**हुगली :** हुगली जिले के ग्रामीण पुलिस के सिंगुर थाने के अंतर्गत दुर्गापुर हाईवे के पास एक फैक्ट्री के सामने अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, खबर मिलते ही सिंगुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आशंका जताई जा रही है कि उक्त व्यक्ति की हत्या कहीं और की गई है और शव को दुर्गापुर हाईवे के किनारे लाकर फेंक दिया गया है। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी है।

## भाटपाड़ा हत्या मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार, उत्तर प्रदेश भागने की थी योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में तृणमूल नेता को गोली मारने के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गत बुधवार को उपचुनाव के दिन जगद्दल थाने से कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने तृणमूल नेता अशोक साव की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के मामले में कौसर अली नाम के आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस बार पुलिस ने हत्याकांड में सुजल पासवान नाम के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सुजल ने उत्तर प्रदेश के बैरिया में भागने की योजना बना रखी थी। गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद शनिवार को नैहाटी के सिद्धार्थपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, 2020 में भाटपाड़ा में आकाश प्रसाद नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। उस हत्याकांड के आरोपियों में से एक मृतक तृणमूल नेता अशोक साव भी था। पुलिस द्वारा प्राथमिक अनुमान लगाया जा रहा है कि आकाश यादव की हत्या का बदला लेने के लिए सुजल प्रसाद ने अशोक साव की हत्या की होगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चौथी कक्षा की छात्रा का यौन शोषण, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के जीवनतला थाना में चौथी कक्षा की एक बच्ची के साथ यौन शोषण करने के आरोप में एक स्कूल शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शिक्षक का नाम कृपासिंधु मंडल है। वह जीवनतला थानांतर्गत एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कृपासिंधु काफी समय से जिबंतला थाना क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल में पढ़ा रहा है। परिजनों का आरोप है कि छात्रा को एक खाली क्लासरूम में देखते ही शिक्षक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा जब विरोध करने लगी तो शिक्षक ने जबरदस्ती की। घर वापस आकर छात्रा ने अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। छात्रा के परिवार ने जीवनतला थाना में घटना की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है।

## हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास टैक्सी वालों ने बढ़ाए दाम, तीन गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास टैक्सी सेवा का लाभ उठाने के लिए दाम बढ़ाकर यात्रियों से पैसे वसूलने की शिकायत सामने आयी। शनिवार को स्टेशन के बाहर एक गुप्त अभियान चलाते हुए तीन दलालों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गोलाबाड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि स्टेशन के बाद टैक्सी लेने के लिए यात्रियों से मनमर्जी दाम मांगा जाता था। जिस कारण यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए, यह गिर फ्तारी हुई। इससे पहले 12 नवंबर को ऐसे दलालों के खिलाफ विशेष छापेमारी की गयी थी। उस दौरान 10 दलालों को गिरफ्तार किया गया था। उस मौके पर भी गिरफ्तार दलालों के खिलाफ गोलाबाड़ी थाने में एक शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

# राज्यों की खबरें

# जी20 में सार्थक चर्चा को लेकर हूं आशान्वित : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील में होने वाले अगले जी-20 शिखर सम्मेलन में 'सार्थक' चर्चा को लेकर आशान्वित हैं जिसने पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन के निष्कर्ष के आधार पर इस समूह के लिए व्यापक एजेंडा तय किया था। मोदी ने नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले यहां जारी एक एक बयान में यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री का पहला गंतव्य नाइजीरिया होगा जहां से वह ब्राजील जायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ब्राजील में, मैं 'ट्रोइका' सदस्य के रूप में 19वें जी-20



शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों का जी-20 बना दिया तथा 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं को इसके एजेंडे में शामिल कर दिया।'' मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 18-19 नवंबर को रियो डि जेनेरियो में होने वाले इस सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 'ट्रोइका' का हिस्सा है। जब किसी संगठन का कोई मुख्यालय नहीं होता है तथा उसका जिम्मा पिछले, वर्तमान एवं अगले अध्यक्ष देश पर होता है तब ये देश 'ट्रोइका' कहलाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''इस वर्ष, ब्राजील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के अपने दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूं। मैं इस अवसर का उपयोग कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी करूंगा।'' पचपन देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेद के बावजूद नेताओं का घोषणापत्र जारी करने में कामयाबी हासिल करने को लेकर पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 सम्मेलन को मील के पत्थर के रूप में देखा गया। नाइजीरिया की अपनी यात्रा के बारे में मोदी ने कहा कि यह 'हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर होगा, जो लोकतंत्र और बहुलतावाद में साझा विश्वास पर आधारित है।'

# हेमंत सोरेन गुपचुप तरीके से मुसलमानों को आरक्षण देने की साजिश रच रहे हैं : शाह

**दुमका (झारखंड) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि वह ''कांग्रेस के साथ मिलकर गुपचुप तरीके से मुसलमानों को आरक्षण देने की साजिश रच रहे हैं'' और आगाह किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम कर देगी। शाह ने आदिवासियों की घटती आबादी के लिए सोरेन को ''जिम्मेदार'' भी ठहराया। झारखंड के दुमका जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''हेमंत सोरेन कांग्रेस के साथ मिलकर गुपचुप तरीके से मुसलमानों को आरक्षण देने की साजिश रच रही है। मैं बता देना चाहता हूं कि भाजपा हेमंत सोरेन और राहुल गांधी की ऐसी किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देगी।'' उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है और कहा, ''हेमंत सोरेन आदिवासियों की घटती आबादी के लिए जिम्मेदार हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को झारखंड में प्रवेश करने और आदिवासी महिलाओं से शादी करने की इजाजत दे रहे हैं। वह यहां आदिवासियों की जमीन छीन रहे हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।'' शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 साल में झारखंड को 84,000 करोड़ रुपये दिए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को 3.90 लाख करोड़ रुपये दिए। उन्होंने कहा, ''हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार और निधि की लूट में लिप्त रहे हैं, लेकिन 23 नवंबर को उनकी विदाई हो जाएगी। सत्ता के लालच ने हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने को मजबूर कर दिया, जिसने झारखंड के गठन का विरोध किया था।'' शाह ने वादा किया कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो इतने उद्योग स्थापित कर देगी कि एक भी युवा को आजीविका की तलाश में दूसरे स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार परियोजनाओं के लिए लोगों को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास योजनाओं को सुनिश्चित करेगी।

## उप्र के मंत्री के सुरक्षाकर्मी पर हमला व उसकी पिस्तौल छीनने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**भोपाल :** मध्य प्रदेश पुलिस ने ग्वालियर में 'रोड रेज' की एक घटना में उत्तर प्रदेश के मंत्री मनोहर लाल के निजी सुरक्षा अधिकारी पर हमला करने और उसकी पिस्तौल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गजेंद्र वर्धमान ने शनिवार को बताया कि ग्वालियर-झांसी राजमार्ग पर जौरासी गांव के पास शुक्रवार रात हुई इस घटना में आर-पी और उसके साथियों ने उत्तर प्रदेश के मंत्री के एक अन्य कर्मचारी की भी पिटाई की। वर्धमान के मुताबिक, आगरा से ललितपुर जा रहे मनोहर लाल का वाहन मध्य प्रदेश में ग्वालियर और डबरा के बीच राजमार्ग पर एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से लगे यातायात जाम में फंस गया। उन्होंने बताया कि जाम से बचने के लिए मनोहर लाल का चालक वाहन को सड़क के दूसरी तरफ ले आया, जहां मंत्री के सुरक्षा अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की एक बाइक सवार से जगह देने को लेकर कहासुनी हो गई। वर्धमान के अनुसार, कहासुनी के दौरान दोपहिया वाहन सवार और उसके साथियों ने सुरक्षा अधिकारी की पिस्तौल छीन ली और उसकी तथा एक अन्य कर्मचारी की पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि बाद में पिस्तौल बरामद कर ली गई। वर्धमान के मुताबिक, पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और एक आरोपी बंटी यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और घटना में मंत्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## एनजीटी ने गुजरात में गैस रिसाव से श्रमिकों की मौत के मामले में नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुजरात की एक फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव से दो श्रमिकों की मौत के मामले में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा अन्य से जवाब मांगा है। एनजीटी ने मीडिया की एक खबर का स्वतः संज्ञान लेकर इस मुद्दे पर सुनवाई की। खबर के अनुसार 27 अक्टूबर को अहमदाबाद के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में एक कपड़ा फैक्टरी में जहरीले धुआं से दम घुटने से दो श्रमिकों की मौत हो गई और सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में कहा गया कि गैस का रिसाव उस समय हुआ जब छपाई और रंगाई की प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले एसिड को एक टैंक में स्थानांतरित किया जा रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि मामले में सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की अवहेलना हुई। पीठ ने सात नवंबर के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिया गया था या नहीं। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि यह मामला पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन के संबंध में एक ''महत्वपूर्ण मुद्दा'' उठाता है। पीठ ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अहमदाबाद जिला मजिस्ट्रेट को प्रतिवादी बनाया। एनजीटी ने प्रतिवादियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया। मामले की सुनवाई 20 दिसंबर को पुणे में एनजीटी की पश्चिमी क्षेत्रीय पीठ के समक्ष निर्धारित की गई है।

# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का ब्रिटेन, जर्मनी दौरा : कांग्रेस ने इसे निवेश के लिए खुला नाटक बताया

**भोपाल :** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के ब्रिटेन और जर्मनी दौरे को शनिवार को निवेश के नाम पर खुला नाटक करार दिया और तंज कसा कि वह (यादव) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बनना चाहते हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए उसे विकास विरोधी बताया और कहा कि यह दौरा पर्यटन नहीं, बल्कि राज्य की बेहतरी के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए है। यादव 23 नवंबर से एक दिसंबर तक ब्रिटेन और जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बयान में कहा, मध्यप्रदेश में निवेश के नाम पर खुला नाटक चल रहा है। सरकार के प्रचार के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जब मुख्यमंत्री और अधिकारी अलग-अलग राज्यों में घूमकर ऊब गए, तो अब वे विदेश में सरकारी पर्यटन की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए लंदन, म्यूनिख और बर्लिन में रोड शो की तैयारी के वास्ते अधिकारियों की एक टीम मुख्यमंत्री के साथ जा रही है। पटवारी ने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेते हुए अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बनना चाहते हैं। पटवारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई के सचिव रजनीश अग्रवाल ने कहा कि यादव सरकार के कार्यकाल में मध्यप्रदेश ने मानव सूचकांक और विकास के मानकों पर बढ़त हासिल की है। अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस विकास विरोधी है। वह विरोध के नाम पर हर चीज का विरोध करती है। यह दौरा पर्यटन नहीं, बल्कि राज्य की बेहतरी के लिए निवेश आकर्षित करने की कवायद है। कांग्रेस के इसी तरह के रवैये के कारण लोग उसे बार-बार नकार रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले कुछ महीनों में रोड शो के साथ-साथ क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन भी आयोजित किए हैं। आने वाले महीनों में नर्मदापुरम और शहडोल संभाग में ऐसे दो क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।

# जादुई टोपी



डॉ.मंजरी शुक्ला

आज पिंकू चूहा बहुत खुश था। खुशी की बात ही थी। आख़िर कितने दिनों बाद जाकर उसकी मुराद पूरी हुई थी।

वह पेड़ के नीचे बैठा हुआ हवाई किले बना रहा था और बनाता भी क्यों ना, आज उसे एक लाल रंग की फुन्देदार टोपी मिली थी, जिस में पीले रंग के फूल बने हुए थे।

वह मन ही मन पूसी बिल्ली की बहुत तारीफ़ कर रहा था और मुस्कुरा रहा था।

तभी पेड़ पर सरपट दौड़ती बिन्नी गिलहरी ने कहा, क्या बात है, अकेले-अकेले मुस्कुरा रहे हो।

पिंकू ने चौंक कर बिन्नी की ओर देखा और हँस दिया।

जल्दी बताओ, क्या बात है? बिन्नी ने उत्सुकता से पूछा

सोच रहा हूँ, पूसी पर एक कविता लिख दूँ।

बिन्नी तो पूसी का नाम सुनकर ही घबरा गई उसने धीरे से उधर-उधर देखा और कहा-वह तो हमेशा तुम्हें तंग करती रहती है और तुम उसी के ऊपर कविता लिखना चाहते हो।

अरे, आज उसी के तंग करने के कारण ही तो मुझे इतनी सुंदर टोपी मिली है। ना वह मेरे ऊपर छलांग लगाती और ना ही मैं डर के मारे उछलता कूदता हुआ झाड़ियों में छुपता और ना ही...

पिंकू की बात खत्म होने से पहले ही बिन्नी बोली-बस करो चुप हो जाओ। ऐसी टोपी तुम्हीं को मुबारक हो। मुझे तो पूसी के नाम से ही डर लगता है।

तभी पेड़ के पीछे से आवाज आई-मेरे प्यारे पिंकू, यह टोपी मुझे दे दो।

पिंकू की तो डर के मारे जान ही सूख गई और बिन्नी सिर पर पैर रखकर भाग खड़ी हुई।

पिंकू ने भागने के लिए सोचा पर पूसी टोपी पर नज़र गढ़ाए हुए पूरी तरह चौकन्नी बैठी हुई थी।



वह डर के मारे काँपने लगा।

पिंकू ने टोपी देख देने के लिए हाथ बढ़ाया पर टोपी पर नजर पड़ते ही उसने अपना इरादा बदल दिया।

पूसी बड़े आराम से मुस्कुराती हुई खड़ी थी। वह जानती थी कि पिंकू उसे टोपी दे ही देगा।

पिंकू घबरा तो बहुत रहा था पर टोपी देने का उसका बिल्कुल मन नहीं था। आख़िर वह उसके सपनों की टोपी थी।

उसने भागने के लिए एक कदम बढ़ाया। पर पूसी कौन सी कम थी। वह उछल कर पिंकू के ठीक सामने आकर खड़ी हो गई।

पेड़ के ऊपर बैठी बिन्नी बोली-अरे क्यों नहीं दे देते, एक सड़ी सी टोपी... जान बचेगी तभी तो पहन पाओगे।

पूसी यह सुनकर बहुत खुश हो गई और बोली-तुम्हारी दोस्त बिल्कुल सही कह रही है जब तुम ही नहीं रहोगे तो यह टोपी भला कौन पहनेगा!

पिंकू ने डरते हुए इधर उधर देखा।

तभी उसे उसकी मम्मी की याद आई जो हमेशा उसे समझाती थी कि अगर कोई मुसीबत आ जाए तो घबराने की जगह दिमाग चलाना चाहिए।

दिमाग तो मेरे पास बहुत है मम्मी, पर पूसी के सामने आते ही मेरे दिमाग का डब्बा गोल हो गया है। पिंकू बुदबुदाया

अब टोपी दे रहे हो या खा जाऊं तुम्हें? पूसी दाँत किटकिटाते हुए बोली

टोपी तो मैं दे देता पर ये टोपी जादुई है इसलिए इसे देने का मन नहीं हो रहा है।

जादुई टोपी कहते हुए पूसी खुशी से उछल पड़ी

और क्या, इस टोपी को पहन कर किसी से भी डर नहीं लगता है। पिंकू बोला

बिन्नी जो बिना बोले रह नहीं पा रही थी, पेड़ से बैठे बैठे ही चिल्लाई-तभी मैं कहूँ कि आज पूसी को देख कर तुम डर क्यों नहीं रहे!

पूसी ने अब इस बात पर गौर किया कि सिर्फ़ उसके नाम से भाग जाने वाला पिंकू आज उसके सामने खड़े होकर बातचीत कर रहा है।

पूसी बोली-पर तुमने तो टोपी पहनी भी नहीं है। वो तो हाथ में तो पकड़ी हुई है।

ये इतनी चमत्कारी टोपी है कि हाथ में पकड़ने से भी डर गायब हो जाता है। पिंकू हँसते हुए बोला

तभी पिंकू की नज़र एक पेड़ के नीचे सोते हुए मोती पर पड़ी।

वह बोला -वो देखो सामने मोती सो रहा है।

पूसी ने मोती को देखा, जो गुनगुनी धूप में बड़े आराम से लेटा हुआ झपकी ले रहा था

मोती को देखते ही पूसी की हालत खराब हो गई।

तभी बिन्नी फ़िर बोली-अरे, अब किसी से क्या डरना, जब हमारे पास है जादुई टोपी।

जब तक कोई कुछ समझ पाता, पूसी ने पिंकू के हाथ से टोपी खींची और पहनते हुए मोती के ऊपर जाकर कूद गई।

पिंकू ने आगे के नज़ारे के बारे में सोचते हुए आँखें बंद कर ली और बिन्नी डर के मारे पेड़ छोड़कर दूसरे पेड़ पर भाग गई।

पूसी के अचानक हुए इस हमले से मोती सकपका गया और तुरंत उठ गया।

उसने जैसे ही पूसी को देखा वह गुर्राता उसकी ओर बढ़ा।

मज़ा आया ना... पूसी ताली बजाकर हँसते हुए बोली

हाँ, बहुत आया। अब थोड़ा मज़ा तुम भी ले लो। कहते हुए मोती ने पूसी को उठाकर दूर फेंक दिया।

पूसी इतनी ज़ोर से गिरी कि उसका सिर चकरा गया और वह सिर पर पैर रखकर भाग खड़ी हुई।

मोती वापस आराम से सो गया।

पिंकू ने बड़ी शान से जाकर टोपी उठाई और पहन ली।

बिन्नी ने पिंकू से पूछा-ये सच में जादुई टोपी है क्या?

टोपी का तो नहीं पता पर एक बात तो पता चल गई कि हम मन से डर हटा दे तो किसी से नहीं डर सकते।

बिन्नी और पिंकू एक दूसरे को देखते हुए जोरों से हँस पड़े।

# अद्भुत हैं नेपाल की ये पांच जगह

नेपाल, हिमालय की गोद में बसा एक छोटा सा देश, जहां हर कदम पर प्रकृति की बेजोड़ सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। यह देश न केवल पर्वतारोहियों के लिए स्वर्ग है, बल्कि सांस्कृतिक पर्यटकों, वन्यजीव प्रेमियों और आत्मा की शांति की खोज करने वालों के लिए भी अद्वितीय स्थान है। यहां के धार्मिक स्थलों का अनुभव हर यात्री के लिए अविस्मरणीय साबित होता है। ये रहे हैं नेपाल के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थल।

## काठमांडू

नेपाल की राजधानी काठमांडू अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर देखने योग्य स्थानों में स्वयंभूनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, दरबार स्क्वायर शामिल है।

### स्वयंभूनाथ (मंकी टेम्पल)

यह बौद्ध स्तूप काठमांडू के पश्चिम में एक पहाड़ी पर स्थित है और इसे UNESCO विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है। यह स्थल अपने अद्वितीय वास्तुकला और मनोहारी दृश्य के लिए प्रसिद्ध है।

### पशुपतिनाथ मंदिर

यह हिंदू धर्म का प्रमुख स्थल है और भगवान शिव को समर्पित है। बागमती नदी के किनारे स्थित यह मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का धरोहर है।

### दरबार स्क्वायर

काठमांडू का यह ऐतिहासिक स्थान राजसी महलों, मंदिरों और आंगनों का संग्रह है और इसे UNESCO द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

## पोखरा

पोखरा, नेपाल का दूसरा सबसे बड़ा शहर, अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यह स्थल पर्वतारोहियों और ट्रेकर्स के लिए एक प्रमुख आधार है।

### फेवा झील

यह सुंदर झील पोखरा के केंद्र में स्थित है और यहाँ बोटिंग का आनंद लिया जा सकता है।

### सरणकोट

यहाँ से अन्नपूर्णा और धौलागिरी पर्वत श्रृंखला का अविस्मरणीय दृश्य देखा जा सकता है। यह स्थान सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध है।

### देवी' फॉल

यह झरना पोखरा का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती और रहस्यमयी गुफा के लिए जाना जाता है।

## लुम्बिनी

लुम्बिनी, गौतम बुद्ध की जन्मस्थली, बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल है। यहाँ का प्रमुख आकर्षण है:

### मायादेवी मंदिर

यह मंदिर गौतम बुद्ध की माता, मायादेवी, को समर्पित है और यहाँ पर गौतम बुद्ध के जन्मस्थल को चिन्हित किया गया है।

### लुम्बिनी गार्डन

यह सुंदर उद्यान विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है और यहाँ विभिन्न देशों द्वारा निर्मित स्तूप और मठ स्थित हैं।

## पाटन

पाटन, जिसे ललितपुर भी कहा जाता है, अपनी सांस्कृतिक धरोहर और कला के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं:

### पाटन दरबार स्क्वायर

यह स्थान राजसी महलों, मंदिरों और आंगनों का संग्रह है और इसे UNESCO विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

## गोल्डन मंदिर

यह बौद्ध मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला और सुनहरे रंग के लिए प्रसिद्ध है।

# बालों को लंबा और घना बनाने में मददगार है आंवला

बढ़ते प्रदूषण और खराब खान-पान का सीधा असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है। इसकी वजह से न सिर्फ शरीर बल्कि बाल भी आंतरिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में बालों का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

खासतौर पर अब जब सर्दी का मौसम शुरू हो गया है, तब तो बालों का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। यदि बालों का ध्यान सही से न रखा जाए तो ये कमजोर होकर टूटने लगते हैं। इसी वजह से आज हम आपको बालों को हेल्दी बनाने के लिए आंवला इस्तेमाल करना बताएंगे।

दरअसल, आंवला विटामिन C, एंटीऑक्सिडेंट्स और कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जिस वजह से ये बालों के लिए काफी लाभदायक होता है। ऐसे में यदि इसका सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो इससे बाल आंतरिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।

## आंवला तेल से बालों की मालिश

आप चाहें तो आंवला तेल बनाकर आप इससे बालों की मलिश कर सकते हैं। तेल बनाने के लिए सबसे पहले सूखे आंवले के टुकड़े लें और इन्हें नारियल या सरसों के तेल में उबालें। जब तेल का रंग गहरा हो जाए, तो इसे ठंडा करके छान लें।

अब इस तेल को ठंडा करके आप हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आंवले का तेल बालों को जड़ से मजबूत पहुंचाता है। इससे बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है।

## आंवला पाउडर और दही का हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 2-3 चम्मच आंवला पाउडर लें और उसमें पर्याप्त मात्रा में दही मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस मिश्रण को बालों की जड़ों और सिरों पर लगाएं। मास्क को 30-40 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

आंवला और दही का मास्क बालों को पोषण देता है, ड्रायनेस कम करता है और



बालों को घना बनाता है। ये मास्क सर्दियों में बालों को मजबूत बनाता है।

## आंवला और मेथी का हेयर पैक

इस हेयर पैक को तैयार करने के लिए आपको दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच आंवला पाउडर और 1 चम्मच मेथी पाउडर को पानी में भिगोकर रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर इसका पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को बालों में जड़ों से सिरे तक लगाएं और 30 मिनट बाद माइल्ड शैम्पू से धो लें।

आंवला और मेथी दोनों बालों की ग्रोथ बढ़ाते हैं, बालों को घना बनाते हैं और बालों की मजबूती में सुधार करते हैं।

# क्या खड़े होकर पानी पीने से खराब हो जाते हैं घुटने?



शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ नियमित रूप से कम से कम तीन-चार लीटर पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है। सभी उम्र वालों के लिए ये जरूरी है। जितना जरूरी नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना है उतना ही जरूरी है सही तरीके से पानी पीना।

डॉक्टर कहते हैं, पानी हमेशा आराम की मुद्रा में बैठकर और धीरे-धीरे पानी चाहिए। पानी पीने के तरीके को लेकर सोशल मीडिया एक पोस्ट वायरल है जिसमें कहा जा रहा है अगर आप खड़े होकर पानी पीते हैं तो इसके कारण शरीर को कई नुकसान हो सकते हैं।

वायरल पोस्ट में कहा जा रहा है कि अगर आप खड़े होकर पानी पीते हैं तो इससे घुटनों पर असर हो सकता है। इस आदत के कारण आर्थराइटिस होने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। क्या वास्तव में ऐसा है? क्या खड़े होकर पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक है? आइए इस बारे में जानते हैं।

## खड़े होकर पानी पीने से घुटनों को नुकसान

सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान पहुंचता है। पानी सीधे घुटनों पर जमा होने लगता है जिससे आगे चलकर आर्थराइटिस होने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे हृदय और फेफड़ों की समस्याएं भी हो सकती हैं। ये आदत किडनी को नुकसान पहुंचती है क्योंकि पानी बिना किसी फिल्टरेशन के शरीर से बाहर निकल जाता है।

क्या वास्तव में इस दावे में सच्चाई है? आइए जानते हैं।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ आर्थोपेडिक डॉ राजेश चट्टे कहते हैं, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि खड़े होकर पानी पीने से घुटनों को कोई नुकसान पहुंचता है।

जोड़ों को नुकसान तब होता है जब जोड़ के हिस्से जैसे कार्टिलेज, लिगामेंट या हड्डी घिसने लगते हैं या इनमें किसी वजह से चोट लग जाती है। जोड़ों की समस्याओं का सबसे आम कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस है, जो हड्डियों को सहारा देने वाले सुरक्षात्मक कार्टिलेज के घिसने की वजह से होता है। ये एक कुशन की तरह काम करता है जो हड्डियों को एक दूसरे से टकराने से बचाता है।

## फिर कैसे फैली ये मिथ जानकारी?

डॉक्टर कहते हैं, खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान होने की बात संभवत: पारंपरिक या सांस्कृतिक प्रथाओं से उत्पन्न हुई होगी। संभवत: इस डर के माध्यम से लोगों को उचित मुद्रा में बैठने, धीरे-धीरे पानी पीने और पाचन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया होगा।

आमतौर पर बैठकर पानी पीना स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। यह पाचन और समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने में भी सहायक है। हालांकि ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि खड़े होकर पानी पीने से जोड़ों को नुकसान होता है।

## आराम से पिएं पानी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पानी धीरे-धीरे और आराम से बैठकर ही पानी चाहिए, ये सेहत को ठीक रखने में मददगार है। अच्छी सेहत के लिए रोजाना कम से कम तीन लीटर पानी पीने की आदत बनाएं।

# माता-पिता की इन अच्छी आदतों से बच्चे बनते हैं अनुशासित, आप भी अपनाएं



बच्चों का व्यवहार माता-पिता की आदतों का परिणाम होता है। बच्चे वैसा ही बर्ताव करते हैं, जैसा वह घर में देखकर सीखते हैं। अगर माता-पिता में से कोई भी एक अधिक आक्रामक या गुस्सैल होता है तो बच्चा भी वैसा ही बर्ताव करता है। उनके दिनचर्या को बच्चा भी अपनाता है। कह सकते हैं कि बच्चे माता-पिता का आईना होते हैं।

सकारात्मक रूटीन और जिम्मेदार व्यवहार के जरिए माता-पिता अपने बच्चे को अनुशासन में रहना सिखा सकते हैं। अभिभावक का व्यवहार अनुशासित, सम्मानपूर्ण और सर्वगुण संपन्न बच्चों को आकार देने में मदद कर सकता है। यहां कुछ अच्छी आदतों के बारे में बताया जा रहा है, जिसे हर बच्चा अपने माता पिता को देखकर सीखता है।

## नियमों का पालन

नियम बच्चों को एक सीमा दायरे में रहने और उसके परिणामों को समझने में मदद करते हैं। जब माता पिता बच्चे के सामने सुसंगत नियमों को बनाते हैं और खुद इसे अपनाते हैं तो बच्चा भी इन्हीं नियमों के अंदर दिनचर्या बिताता है। नियमों को लेकर माता पिता की स्थिर स्थिति बच्चों के लिए अनुशासित व्यवहार को आसानी से अपनाने में सहायक होती है।

## उदाहरण से समझाना

बच्चे जो देखते हैं, उसकी नकल करते हैं। जब माता पिता अपने कार्यों के जरिए अनुशासन को दर्शाते हैं, जैसे किसी टास्क को समय पर पूरा करना और भावनाओं को मैनेज करना, बच्चे भी समान व्यवहार को अपनाते हैं। ये शक्तिशाली उदाहरण बच्चे में समय के साथ आत्म अनुशासन का गुण डालता है।

## जिम्मेदार बनाएं

उम्र के मुताबिक, बच्चे को काम सौंपे जैसे खिलौनों को साफ करना या अन्य छोटे-छोटे काम। इस तरह के कार्यों से बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और जिम्मेदार बनेंगे। अभिभावक पाएंगे कि बच्चे के रोजमर्रा के जीवन में जिम्मेदारी लाने की कोशिश से बच्चा अनुशासित और आत्मनिर्भर बनेगा।

## समय का महत्व

एक तय दिनचर्या को अपनाना खासकर खान-पान, खेल और सोने के निश्चित समय बच्चों को समय का महत्व समझाएगा। जब माता-पिता समय के पाबंद रहेंगे और एक रूटीन अपनाएंगे, बच्चे भी समय प्रबंधन, आत्म नियंत्रण और कमिटमेंट को पूरा करने का महत्व समझेंगे।

## तारीफ और पुरस्कार

अच्छा बर्ताव करने पर पुरस्कार देना या तारीफ करना अनुशासित रहना सिखा सकता है। खुद ऐसे बर्ताव करके माता-पिता बच्चे को जिम्मेदार रवैया अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। सकारात्मक सुदृढ़ीकरण बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें अनुशासन को एक गुण के रूप में मानने में सक्षम बनाता है

## धैर्य

बच्चे को सिखाते या सही करते समय माता पिता धैर्य अपनाएं। उनका शांत बर्ताव बच्चे को भी धैर्यवान रहना सिखाएगा। जो अभिभावक धैर्य के साथ अनुशासन सिखाते हैं, वह बच्चों को सुरक्षित महसूस कराते हैं। साथ ही सजा से डरने के बजाए गलतियों से सीखने के लिए प्रोत्साहन देते हैं। यही बच्चों में आत्म अनुशासन का गुण उत्पन्न करता है।

# इन योगासनों के अभ्यास से चेहरे पर आता है निखार, उम्र का भी नहीं चलता पता

एक बच्चे की त्वचा बेहद कोमल और खूबसूरत होती है। वहीं जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, चेहरे का निखार कम होने लगता है। उम्र बढ़ने के साथ झुर्रियां, पिगमेंटेशन,एक्ने और मुहांसे जैसी समस्या आम हो जाती है। लोगों को लगता है कि महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्किन केयर रूटीन से त्वचा में निखार आता है। लेकिन प्राकृतिक तरीके से त्वचा में चमक और निखार के लिए आपको एक भी पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं होती है।

योग एक ऐसी क्रिया है जो त्वचा को चमकदार, निखार और बच्चों जैसी बना सकती है। अधिक आयु में भी आपके चेहरे का ग्लो ऐसा होगा कि लोग आपकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकते। यानी योग एंटी एजिंग का एक विकल्प है। स्वस्थ खानपान और अच्छी जीवनशैली के साथ ही योग के अभ्यास की आदत बना लें। यहां आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताया जा रहा है, जिससे चेहरे पर निखार आए और 40-45 की आयु में आप जवान दिखें।

## हलासन

इस आसन से त्वचा को ऑक्सीजन मिलती है और टॉक्सिन बाहर निकलते हैं। पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाएं और सिर के पीछे ले



जाएं। इससे चेहरा निखरता है और चेहरे का ग्लो बना रहता है।



## शवासन

इस आसन से स्ट्रेस दूर होता है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाता है। शरीर और मन को गहरी शांति मिलती है। शवासन के अभ्यास के लिए पीठ के बल लेटकर हाथों और पैरो को फैला लें। स्वाभाविक रूप से सांस लें। जितनी देर चाहें इस मुद्रा में रहें।

## ताड़ासन

इस आसन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर हाथों को ऊपर की ओर ले जाएं। यह आसन पूरे शरीर में खिंचाव लाता है और चेहरे की त्वचा को प्राकृतिक चमक देने में सहायक होता है।



# रेसिपी कार्नर: आंवला कैंडी




सर्दियों के मौसम की शुरुआत होते ही बाजार में काफी ज्यादा मात्रा में आंवला आने लगता है। आंवला में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनके सेवन से शरीर की कई परेशानियां दूर होती हैं।

आंवले के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है। ऐसे में डॉक्टर भी इसके सेवन की सलाह बच्चे से लेकर बड़ों तक को देते हैं। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों की वजह से ही इसका उपयोग कई प्रकार की दवाई बनाने में होता है।

लोग इसका सेवन दवाइयों के साथ साथ कई प्रकार से करते हैं। बहुत से लोग आंवले का आचार बना लेते हैं, तो कई लोग मुरब्बा। आप चाहें तो इसकी कैंडी बनाकर रख सकते हैं। आंवला की कैंडी बनाना काफी आसान है। इसके सेवन से आपके शरीर को काफी फायदा मिलेगा। तो चलिए आपको भी आसान विधि से आंवला कैंडी बनाना बताते हैं।

कैंडी बनाने का सामान

- आंवला - 500 ग्राम
- चीनी - 300 ग्राम
- पानी - 1 कप
- नमक - ट छोटा चम्मच
- काला नमक - 1 छोटा चम्मच



-
अजवाइन (सौंठ) - ट छोटा चम्मच
- हींग - 1 चुटकी
- काली मिर्च - ट छोटा चम्मच
- नींबू का रस - 2 बड़े चम्मच
- हल्दी - ट छोटा चम्मच
- चीनी का शक्कर सीरप

विधि:

आंवला कैंडी बनाने के लिए सबसे पहले आंवला को अच्छे से धोकर, बीज निकालकर काट लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालें और उसमें आंवला डाल दें। अब इसे 5-10 मिनट तक उबालें। फिर आंवला निकाल कर ठंडा कर लें। अब एक कढ़ाई में 1 कप पानी और चीनी डालकर उबालें।

चीनी पूरी तरह से घुल जाए और चाशनी तैयार हो जाए, तब उसमें हींग, अजवाइन, काली मिर्च, हल्दी, और नमक डालें। इस चाशनी को 5-7 मिनट तक उबालें ताकि चाशनी गाढ़ी हो जाए। चाशनी का तापमान थोड़ा ठंडा हो जाए, तो उसमें नींबू का रस डालें।

उबले हुए आंवले को चाशनी में डालकर अच्छे से मिला लें। 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें ताकि आंवला चाशनी को सोख सके और स्वाद भर जाए। अब आंवला कैंडी को निकालकर अच्छे से सूखने के लिए किसी प्लेट या ट्रे पर रख दें। इसे धूप में 1-2 दिन तक सूखने के लिए छोड़ दें।

जब आंवला पूरी तरह से सूख जाए, तब आपकी खट्टी मीठी आंवला कैंडी तैयार है। इसे एयरटाइट कंटेनर में रख सकते हैं और बाद में सेवन कर सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार : कर्ज के बोझ के कारण एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांका :** बिहार के बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलुआ गांव में कर्ज के बोझ तले दबे एक परिवार के पांच सदस्यों के जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने से उनमें से तीन की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी पंकज कुमार झा ने कहा कि मृतक के भाई श्याम महतो ने बरारी थाना की पुलिस को बयान दिया है। बयान के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना शुक्रवार देर रात की है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक बलुआ गांव निवासी कन्हाय महतो (40) ने कई वित्तीय कंपनियों से कर्ज लिया था जिसे वह अदा नहीं कर पा रहा था। कर्ज अदा करने के बढ़ते दबाव को लेकर उसने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर संभवतः यह कदम उठाया।

### हेलीकॉप्टर को उड़ान की अनुमति न मिलने से मीरापुर में अखिलेश यादव की रैली रद्द : सपा

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ककरोली गांव में होने वाली चुनावी रैली शनिवार को रद्द कर दी गई। सपा के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान प्रस्तावित है, जहां से सपा ने सुंबुल राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने संवाददाताओं से इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, उनके (अखिलेश यादव) हेलीकॉप्टर को हिंडन हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिलने के कारण रैली रद्द की गई। इस वजह से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। नतीजतन, यादव का संबोधन सुनने के लिए एकत्र हुए सैकड़ों समर्थक निराश हो गए। रैली रद्द होने के बाद समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि अखिलेश यादव मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में 18 नवंबर को होने वाले रोड शो में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सपा उम्मीदवार सुंबुल राणा के लिए समर्थन जुटाना है। मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान 20 नवंबर को और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### प्रदूषणः हरियाणा सरकार ने उपायुक्तों को कक्षा 5 तक के स्कूल अस्थायी रूप से बंद करने का अधिकार दिया

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने शनिवार को उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में बढ़ते प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर स्थिति का आकलन करने के बाद विद्यालयों में कक्षा पांच तक की कक्षाएं अस्थायी रूप से बंद करने के लिए अधिकृत किया। राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग ने 10 नवंबर को हिंदी में पोस्ट किया, ''इस संबंध में स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखा गया है।'' उसने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए हरियाणा सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्तों को कक्षा 5 तक के विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने का अधिकार दिया है।

# भाजपा के लिए राजनीति सेवा का मिशन, सपा के लिए व्यवसाय है: योगी आदित्यनाथ

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए राजनीति, सेवा का मिशन है, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए राजनीति अपने कारनामों को अंजाम देने, अराजकता, गुंडागर्दी फैलाने, दंगा कराने और कर्फ्यू लगाने का एक व्यवसाय है। प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कसेरुआ में उप-चुनाव के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, सपा और बसपा को इन कारनामों को करने का सर्टिफिकेट नहीं देना चाहिए.. इनके प्रत्याशियों की जमानत जब्त होनी चाहिए। भाजपा



प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, समाजवादी पार्टी राम मंदिर का विरोध करती है, दीपोत्सव, देव दीपावली, परीक्षाओं की शुचिता, विकास कार्यों और यहां तक कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं का विरोध करती है। यह केवल बांटने की राजनीति में विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी का विकास से कोसों दूर तक रिश्ता नहीं है।

### कानपुर के सीसामऊ में योगी ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो निकाला

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित रोड शो में शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच योगी का रोड शो निकला। खतरे की आशंका के बाद आला अधिकारियों ने आसमान से नजर रखने के लिए आधा दर्जन से ज्यादा ड्रोन तैनात किए। रास्ते में पड़ने वाली इमारतों की छतों पर 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए।

### महाकुंभ मेले में अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया शुरू

**प्रयागराज :** संगम की रेती पर बसने जा रही कुंभ नगरी में सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक साधु-संन्यासियों के अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके बाद अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटित की जाएगी। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण, अखाड़ा परिषद और सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से मिलकर परंपरा के अनुसार भूमि आवंटन का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा है कि किसी भी सूरत में अखाड़ों को पिछले कुंभ से कम भूमि नहीं दी जाएगी। चतुर्वेदी ने बताया कि भूमि आवंटन का कार्य सभी अखाड़ों की सहमति से 18 और 19 नवंबर को पूरा कर लिया जाएगा तथा प्राधिकरण के अधिकारी अखाड़ा परिषद और अन्य सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से अलग-अलग वार्ता कर इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के बयान पर सवाल करने पर केशव बोले, आपस में लड़ाना चाहते हैं क्या?

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नाराज स्वर में कहा, ''माननीय मुख्यमंत्री कोई उद्बोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो?'' गंगापार झूंसी में फूलपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से बातचीत में यह टिप्पणी की। केशव से पूछा गया था कि मुख्यमंत्री के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान पर आप क्या कहते हैं, इस पर उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जी कोई उद्बोधन करते हैं तो आप उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हैं?.. क्या मीडिया के मित्र हमें आपस में लड़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, माननीय मुख्यमंत्री जी जो भी बोलते



हैं, अगर उस पर कोई सवाल है तो मुख्यमंत्री जी से करना चाहिए। हम सब मिलकर प्रदेश के लिए काम करते हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, भाजपा की विरोधी पार्टियां चाहती हैं कि भारत की प्रगति रुक जाए। आत्मनिर्भर भारत ना बने, विकसित भारत ना बने। लेकिन, इनकी सोच को रोंदते हुए जनता ने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, भाजपा को मजबूत बनाया है। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे।

## आदिवासियों को धर्म बदलने बहलाया-फुसलाया जा रहा : उपराष्ट्रपति धनखड़

**उदयपुर (राजस्थान) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि आदिवासियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने की दुर्भावनापूर्ण कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, ''आदिवासियों से मीठी-मीठी बातें करके, शुभचिंतक होने का दिखावा करके, लालच देकर उनकी आस्था बदलने की कोशिश की जा रही है। मैं इसे दुर्भावनापूर्ण प्रयास मानता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं देश में एक व्यवस्थित, षड्यंत्रकारी और प्रलोभन देने की प्रक्रिया देख रहा हूं जिस पर नियंत्रण लगाने की जरूरत है।'' धनखड़ उदयपुर में वनवासी कल्याण आश्रम विद्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी नींव है। जब नींव हिल जाती है, तो कोई भी इमारत सुरक्षित नहीं रहती।'' धनखड़ ने कहा कि आज भारत बदल रहा है और सही लोगों को भारत में जगह मिल रही है। उन्होंने कहा, ''द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना आदिवासी गौरव का प्रतीक है। मुर्मू राष्ट्रपति हैं, एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति है और प्रधानमंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।''

## झांसी में स्वागत के लिए सड़क किनारे चूना डाले जाने से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नाराज

**लखनऊ/झांसी (उप्र) :** झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले स्वागत के लिए सड़क किनारे चूना डाले जाने से नाराज उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को झांसी के जिलाधिकारी से उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा, जिसने यह काम करवाया था। मेडिकल कॉलेज की नवजात शिशु देखभाल इकाई (एनआईसीयू) में आग लगने कम से कम 10 बच्चों की मौत के बाद पाठक झांसी पहुंचे और इस दौरान उनके साथ प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) भी मौजूद थे।



शनिवार को एक वीडियो संदेश में पाठक ने कहा, ''मेरे झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले एक व्यक्ति सड़क किनारे चूना डाल रहा था, जो बेहद दुखद है। मैं इसकी निंदा करता हूं और मैं जिलाधिकारी से उस व्यक्ति की पहचान करने के लिए कहूंगा जिसने यह काम करवाया है और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मैं इसे कभी स्वीकार नहीं करूंगा।'' राज्य सरकार के बयान में कहा गया है कि घटना की जानकारी मिलते ही आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) को मौके पर भेजा। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुक्रवार रात महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने शनिवार को मृतकों के माता-पिता को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

## न्यूज अपडेट

### शिक्षा, संस्कृति, माटी से जुड़े रहें ताकि विषम परिस्थितियों का मजबूती से मुकाबला कर सकें: कोविन्द

**सासाराम :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने शनिवार को कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी जुड़े रहना चाहिए ताकि हम विषम परिस्थितियों का मजबूती से मुकाबला कर सकें। कोविन्द रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए कोविन्द ने अधिक संख्या में लड़कियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी जुड़े रहना चाहिए ताकि विषम परिस्थितियों का मजबूती से मुकाबला कर सकें। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने समारोह को संबोधित करते हुए हमारे युवाओं को नौकरी की मानसिकता से बाहर निकलकर स्वरोजगार प्रारंभ कर देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार 'स्टार्ट अप' शुरू करने में मदद कर रही है।

### राजस्थान में 'पीटीआई' संवाददाता पर हमला: मीडियाकर्मियों ने सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की

**जयपुर :** मीडियाकर्मियों पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए पत्रकारों के एक समूह ने शनिवार को राजस्थान सरकार से उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की। पीटीआई के संवाददाता अजीत सिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेंद्र कुमार पर टोंक में हिंसक भीड़ द्वारा हमला किए जाने तथा उनके कैमरे और अन्य सामान को क्षतिग्रस्त करने की घटना के मद्देनजर 'पिंक सिटी प्रेस क्लब' ने जयपुर में एक बैठक आयोजित की। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्य पत्रकारों ने हमले की निंदा की तथा अपने कर्तव्यों का पालन करते समय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विधायी उपाय किए जाने की मांग दोहराई। पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू करने के आह्वान के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए बैठक में मीडियाकर्मियों ने कहा कि हिंसा की ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं, लेकिन इन्हें अब रोका जाना चाहिए। 'पिंक सिटी प्रेस क्लब' के अध्यक्ष वीरेंद्र राठौर ने कहा, ''हमने घटनाओं की कवरेज के दौरान पत्रकारों पर कई हमले देखे हैं। विरोध प्रदर्शनों और आंदोलनों की कवरेज करते समय संवाददाताओं और फोटो पत्रकारों को अक्सर धमकियों का सामना करना पड़ता है।''

### भाजपा धर्म के नाम पर समाज को बांटती है, असली मुद्दों से भटकाती है ध्यान : तेजस्वी यादव

**देवघर (झारखंड) :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'असली मुद्दों' से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धर्म के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन और महंगाई पर अंकुश लगाने जैसे 'असली मुद्दों' से निपटने के लिए कुछ नहीं किया। यादव ने देवघर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, भाजपा रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन और महंगाई कम करने जैसे असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के इरादे से धर्म के नाम पर समाज को बांट रही है। भाजपा ने इन मुद्दों से निपटने के लिए कुछ नहीं किया। यादव ने आरोप लगाया कि उन्होंने (भाजपा ने) झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार को गिराने की साजिश रची। उन्होंने दावा किया कि जब वे विफल रहे तो उन्होंने सोरेन को जेल भेज दिया। भाजपा हमारे संविधान को बदलना और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को झारखंड से बाहर करने की अपील की क्योंकि यह समाज में 'केवल नफरत फैलाती' है।

### लखनऊ के चारबाग जंक्शन से करीब दो करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद, मामला दर्ज

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे जंक्शन पर शनिवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साझा अभियान में लगभग दो करोड़ रुपये का मादक पदार्थ (ऑक्सीटोसिन) बरामद किया गया। जीआरपी के अनुसार मामले में दो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रकाश डी के निर्देश पर इस समय संदिग्ध तस्करों के खिलाफ अभियान चल रहा है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार आरपीएफ पोस्ट लखनऊ जंक्शन तथा जीआरपी थाना चारबाग की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे पार्सल के माध्यम से तस्करी कर बिहार राज्य से लाया जा रहा प्रतिबंधित मादक पदार्थ ऑक्सीटोसिन की बरामदगी की गयी।

## बिहार: धर्म परिवर्तन करा रहे प्रचारकों को रोकने की कोशिश करने वाले लोगों पर हमला, मुकदमा दर्ज

**बक्सर :** बिहार के बक्सर जिले में महिलाओं का कथित तौर पर धर्म परिवर्तन करा रहे धर्म प्रचारकों को रोकने की कोशिश करने वाले ग्रामीणों पर हमला करने के लिए तीन धर्म प्रचारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बक्सर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम आर्य ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ग्रामीणों द्वारा बृहस्पतिवार को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर सिमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नागपुरा गांव में स्थित एक मिशनरी से जुड़े तीन प्रचारकों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इलाके में धर्मांतरण की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तो धर्म प्रचारकों ने उन पर हमला किया। अधिकारी ने स्पष्ट किया, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे पता चले कि महिलाओं का उनकी इच्छा के विरुद्ध धर्मांतरण किया जा रहा था। हम मामले की जांच कर रहे हैं और इससे संबंधित साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। हमने धर्म प्रचारकों के साथ-साथ उन महिलाओं से भी पूछताछ की है, जो कथित तौर पर धार्मिक प्रचारकों के संपर्क में थीं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मिशनरी से जुड़े लोगों ने दावा किया कि गांव में महिलाओं सहित लोगों का एक समूह अपनी मर्जी से उनके पास आया था। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सिमरी इलाके में हुई इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कथित वीडियो में प्रचारकों को महिलाओं को गंगा नदी में डुबकी लगाने का निर्देश देने के बाद उनके सिर पर क्रॉस का निशान बनाकर सिंदूर हटाते हुए देखा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने धर्म प्रचारकों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, चमत्कार, स्वास्थ्य और शिक्षा के नाम पर धर्मांतरण दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए और आरोपियों को दंडित किया जाना चाहिए। बक्सर की घटना ने देश के कुछ हिस्सों में निहित स्वार्थों द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण अभियान को उजागर कर दिया है।

## उप्र के मंत्री की कंपनी के एकाउंटेंट से दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता की कंपनी के एकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव से साइबर अपराधियों ने दो करोड़ आठ लाख रुपये ठग लिए। श्रीवास्तव की तहरीर पर साइबर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 319 (2), 318 (4) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी तथा 66 डी के तहत बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया गया। इकावो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड में बतौर एकाउंटेंट कार्यरत श्रीवास्तव ने बताया कि यह मंत्री नंद गोपाल गुप्ता की कंपनी है जिसका कार्यभार उनके बेटे अभिषेक गुप्ता देखते हैं। श्रीवास्तव की तहरीर के मुताबिक, 13 नवंबर को उनके व्हाट्सऐप पर एक नंबर से संदेश आया। उस नंबर पर अभिषेक गुप्ता की प्रोफाइल फोटो लगी थी। संदेश में लिखा था कि यह नया नंबर है और प्रस्तावित आवश्यक बैठक के लिए आवश्यक जानकारी मांगी गई। उन्होंने अपनी तहरीर में कहा कि उन्होंने कंपनी के निदेशक अभिषेक गुप्ता का निर्देश मानकर कंपनी के एकाउंट से संबंधित जानकारी उस नंबर पर साझा की, जिसके बाद बैठक में 'बिजनेस डील' तय होने की बात कहते हुए तत्काल 68 लाख रुपये एक व्यक्ति को भेजने को कहा गया जिसके लिए खाते का विवरण भी भेजा गया। तहरीर के मुताबिक, इसके बाद सौदे का उल्लेख करते हुए दो अलग-अलग खातों में क्रमशः 65 लाख रुपये और 75 लाख रुपये भेजने को कहा गया।

## भाजपा का 'माटी, बेटी, रोटी' नारा लोगों को गुमराह करने के लिए है: सोरेन



**गोड्डा (झारखंड) :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'माटी, बेटी और रोटी' नारा लोगों को राजनीतिक लाभ के लिए गुमराह करने के लिए है। महागामा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत करकटडीह में कांग्रेस उम्मीदवार और मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सोरेन ने मतदाताओं को भाजपा की विभाजनकारी बयानबाजी से प्रभावित न होने के लिए कहा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नारे का उद्देश्य राज्य की मौजूदा शांति और सद्भाव को प्रभावित करना है। उन्होंने कहा कि यह तनाव पैदा करने का भाजपा का एक भ्रामक प्रयास है। सोरेन ने मतदाताओं से सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सोरेन ने भाजपा पर पिछले एक साल में राज्य को अस्थिर करने और इसकी एकता को प्रभावित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने कार्यकाल के शुरुआती वर्षों में विशेष रूप से कोविड-19 के कारण सरकार के सामने आई चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने लोगों की सफलतापूर्वक रक्षा की और विपक्ष द्वारा उनकी सरकार को गिराने के प्रयासों के बावजूद प्रमुख विकास परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाया।

## ऐसा लगता है कि नीतीश जी फिर कहीं जाने वाले हैं: बिहार कांग्रेस प्रमुख

**पटना :** कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बार-बार यह कहना कि वह राजग के साथ हैं, इस बात का संकेत है कि जनता दल(यूनाइटेड) सुप्रीमो, जिन्होंने कई बार अपना रुख बदला है, ऐसा लगता है कि एक बार फिर कहीं जाने वाले हैं। अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। जब सिंह का ध्यान एक दिन पहले जमुई में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में दिए गए कुमार के भाषण की ओर दिलाया गया तो उन्होंने यह




बात कही। नीतीश कुमार ने महागठबंधन, जो कि इंडिया गठबंधन का बिहार संस्करण है, के साथ अपने दो अल्पकालिक गठबंधनों को एक गलती करार दिया था, जिसे वे कभी नहीं दोहराना चाहते। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारे अनुमान के अनुसार, इस साल जनवरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी के बाद से यह 14वीं बार है, जब नीतीश कुमार ने इस आशय का बयान दिया है। उन्होंने कहा, किसी को एक, दो या तीन बार स्पष्टीकरण देने की जरूरत पड़ती है। लेकिन, जब आप ऐसा 14 बार करते हैं, तो यह केवल संदेह को ही जन्म देता है। ऐसा लगता है कि नीतीश जी फिर कहीं जाने वाले हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कुमार के महागठबंधन में वापस आने की संभावना की ओर इशारा कर रहे हैं, सिंह ने रहस्यमयी ढंग से टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि वह हमारे साथ आएंगे या नहीं। लेकिन, वह निश्चित रूप से कहीं जा रहे हैं।

## सरकार से पशु बलि और मवेशियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने की मांग

**पटना :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी और अन्य पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से राज्य में विभिन्न स्थानों पर 'पशु बलि की प्रथा' और नेपाल में गढ़ीमाई त्योहार के दौरान बलि के लिए प्रदेश से मवेशियों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए तत्काल निर्देश जारी करने का आग्रह किया। मेनका गांधी ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को एक पत्र लिखकर पशु बलि और गढ़ीमाई त्योहार के दौरान बलि के लिए प्रदेश से नेपाल में मवेशियों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। अन्य पशु संरक्षण संगठनों के प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना से मुलाकात की और उनसे राज्य में पशु बलि व पशुओं की तस्करी पर रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी करने का आग्रह किया। पशु अधिकार कार्यकर्ता आचार्य प्रशांत ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, हमने मुख्य सचिव से अनुरोध किया है कि वे बिहार में विभिन्न स्थानों पर पशु बलि की प्रथा को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करें और बलि के लिए बिहार से नेपाल में मवेशियों की तस्करी पर लगाम लगाएं। उन्होंने कहा कि पशुओं की इस तरह सार्वजनिक बलि हमारे सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक भारतीय मूल्यों और विरासत से प्रेरित होकर काम करने वाले अधिकांश भारतीयों के लिए भयावह और घृणित है। कार्यकर्ता आलोकपर्ण सेनगुप्ता ने कहा, बिहार में भी विभिन्न धार्मिक त्योहारों के दौरान हर साल बड़े पैमाने पर पशुओं की सार्वजनिक बलि दी जाती है।

# सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़ :** अकाल तख्त की ओर से 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किए गए सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष पद से शनिवार को इस्तीफा दे दिया। वह साल 2008 से इस पद पर काबिज थे। बादल के इस्तीफे से नये पार्टी प्रमुख के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत प्रकाश सिंह बादल के बेटे सुखबीर बादल (62) का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब पूर्व सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की पूर्व प्रमुख बीबी जागीर कौर सहित शिअद के कई



बागी नेताओं ने राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के मद्देनजर उनसे अध्यक्ष पद छोड़ने की मांग तेज कर दी है। शिअद के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि बादल ने पार्टी की कार्यसमिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आज पार्टी की कार्यसमिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया, ताकि नये अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो सके। उन्होंने अपने नेतृत्व में विश्वास जताने और पूरे कार्यकाल में तहेदिल से समर्थन तथा सहयोग देने के लिए पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। चीमा ने कहा कि शिअद के पदाधिकारियों के चुनाव 14 दिसंबर को होने हैं और बादल का पांच साल का कार्यकाल अगले महीने पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि पार्टी की कार्यसमिति 18 नवंबर को बैठक करेगी, जिसमें बादल के इस्तीफे और पार्टी पदाधिकारियों के आगामी चुनावों के अलावा नये सदस्यता अभियान तथा सर्कल प्रतिनिधियों एवं राज्य प्रतिनिधियों की नियुक्ति के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री बादल 2008 में शिअद अध्यक्ष बनाए जाने के दौरान इस पद पर काबिज होने वाले पार्टी के सबसे युवा नेता थे। उन्हें 2012 के पंजाब विधानसभा चुनावों में शिअद की जीत का श्रेय दिया जाता था, लेकिन 2017 में पार्टी के राज्य की कुल 117 विधानसभा सीटों में महज 15 सीटें जीतने और 2022 में उसकी सीटों का आंकड़ा घटकर तीन रह जाने पर बादल के नेतृत्व पर सवाल उठने लगे।

## उप्र : भदोही के भाजपा सांसद की कथित दावत में गोश्त के टुकड़े न मिलने पर हंगामा

**लखनऊ/मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के भदोही से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विनोद कुमार बिंद के कार्यालय में कथित तौर पर परोसे गए व्यंजन में मटन (गोश्त) के टुकड़े न मिलने पर तीखी नोकझोंक और लात-घूंसे चलने की खबर चर्चा में है। इस बीच, शनिवार को सांसद बिंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके कार्यालय में ऐसी कोई घटना नहीं हुई। हालांकि, उपचुनाव के बीच ऐसी दावत को समाजवादी पार्टी (सपा) ने आचार संहिता का उल्लंघन करार देते हुए निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई और कुछ समाचार चैनलों पर भी दिखाए गए विभिन्न वीडियो क्लिप के अनुसार भदोही लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और मिर्जापुर जिले के मझवां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक डॉ विनोद बिंद के कार्यालय में लात-घूंसे चले। यह भी उल्लेख किया गया कि बृहस्पतिवार की रात आयोजित दावत में बकरे के गोश्त के टुकड़ों की जगह केवल तरी (ग्रेवी) परोसे जाने से लोग नाराज हो गए और मारपीट शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के जरिये यह भी कहा गया है कि करीब 1,000 लोगों को दावत में बुलाया गया था और लोग दूर-दूर से आए थे, लेकिन लोगों को गोश्त के टुकड़े नहीं मिले। जब विनोद कुमार बिंद से संपर्क किया गया तो उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जो वीडियो (सोशल मीडिया पर) घूम रहा है, क्या आपने उसमें कुछ देखा? मेरे कार्यालय में ऐसी कोई घटना नहीं हुई। और उसमें लिखा जा रहा है कि यह मटन की दावत थी।''

### रोहित की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया, भारतीय कप्तान के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना बढ़ी

**मुंबई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है जिससे इस सलामी बल्लेबाज की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने शुक्रवार रात यहां एक स्थानीय अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। रोहित बेटे के जन्म के कारण भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे। इस दंपति की एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। पहला टेस्ट शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है और यह स्पष्ट नहीं है कि जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर भी रोहित कुछ अभ्यास सत्र के बाद ही मैच में खेलेंगे या नहीं। अभी किसी भी तरह की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रोहित का पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध था, भले ही मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय कप्तान मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर, पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर

**नयी दिल्ली/पथ :** भारत को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब शीर्ष क्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्ष क्रम कमजोर दिख सकता है। टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराये गये अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी। वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए।

# भारत अपने से ऊंची रैंकिंग की चीन को 3-0 से हराकर महिला एसीटी हॉकी के सेमीफाइनल में

**राजगीर (बिहार) :** गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को यहां ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 से हराकर उलटफेर करते हुए महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। विश्व में छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। अब दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चीन चार मैच में छह अंक से



दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत अपना राउंड रॉबिन अभियान रविवार को जापान के खिलाफ खत्म करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अख्तियार किया और कई मौके बनाए। हालांकि उसे सफलता नहीं मिली क्योंकि चीन की टीम का अपने क्षेत्र में डिफेंस शानदार रहा। भारत को मैच के शुरुआती मिनट में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों ही मौकों को गंवा दिया। कुछ मिनट बाद शर्मिला देवी ने सुनेलिता टोप्पो को पास दिया। इससे दीपिका गोल करने के प्रयास में विपक्षी गोलकीपर के साथ आमने सामने आ गईं जिन्होंने उन्हें गोल नहीं करने दिया। चीन ने पहले क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति मजबूत रही। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें सतर्क रहीं और भारत ने शानदार शुरुआत के बाद कुछ बेवकूफाना गलतियां कीं। भारत ने 21वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पांच मिनट बाद भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मनीषा चौहान की फ्लिक को चीन की गोलकीपर टिंग ली ने रोक लिया और फिर लालरेमसियामी का रिबाउंड का प्रयास विफल हो गया। इससे पहले हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में उसी लय से वापसी की और नियंत्रण बनाए रखा। 32वें मिनट में आखिरकार उनके प्रयासों का फल मिला जब संगीता ने सुशीला चानू के पास को मिडफील्ड से छकाते हुए गोल में बदल दिया। पांच मिनट बाद भारतीयों ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल करके अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ब्यूटी डुंग डुंग और प्रीति दुबे के प्रयासों से कप्तान सलीमा ने गोल किया। भारतीयों ने चीन पर दबदबा बनाए रखा। चीन की टीम ने भी पूरी कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं सकी। गोल के लिए बेताब चीन ने मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले ही अपने गोलकीपर को हटा लिया और यह दाव उल्टा पड़ गया। भारत ने खेल के अंतिम मिनट में अपना तीसरा गोल कर दिया।

## भारत के भावी स्टार तिलक वर्मा ने जिम्मेदारी बखूबी निभाई: सूर्यकुमार

**जोहानिसबग :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो शतक जड़ने वाले तिलक वर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसे उन्होंने अच्छी तरह से निभाया। भारत ने चौथे और अंतिम मैच में 135 रन की बड़ी जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की। विराट कोहली खेल के इस छोटे प्रारूप में लंबे समय तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने हाल के दिनों में इस नंबर पर कुछ अन्य बल्लेबाजों को आजमाया। टी20 विश्व कप के दौरान ऋषभ पंत को इस नंबर पर भेजा गया लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली। सूर्यकुमार ने भी इस नंबर पर बल्लेबाजी की है



लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो मैच में तिलक को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला किया और इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इसका पूरा फायदा उठाया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद संवाददात-ाओं से कहा, ''मेरे दिमाग में यह बात घूम रही थी कि एक खिलाड़ी ने लंबे समय तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और शानदार सफलताएं हासिल की।''

### तमिल थलाइवाज ने बंगाल वॉरियर्स को 46-31 से हराया

**नोएडा :** तमिल थलाइवाज ने शनिवार को यहां नोएडा इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में बंगाल वॉरियर्स पर 46-31 की शानदार जीत के साथ फॉर्म में वापसी की। थलाइवाज की टीम के लिए डिफेंडर नितेश कुमार, मोइन शफागी, अमीर होसैन बस्तामी ने शानदार प्रदर्शन किया जबकि रेडर विशाल चहल ने सुपर 10 हासिल किया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी का था लेकिन विशाल ने सुपर रेड कर बंगाल के तीन खिलाड़ियों को बाहर करते हुए ऑल आउट किया। तमिल थलाइवाज ने इसके बाद बढ़त बनानी शुरू की और बंगाल वॉरियर्स को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में जीत विशेष है: लक्ष्मण

**जोहानिसबग :** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष करार दिया। भारत ने शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की श्रृंखला 3-1 से जीती। इस श्रृंखला में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लक्ष्मण ने एक्स पर पोस्ट किया, ''जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की। संजू सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन असाधारण रहा।



'' उन्होंने कहा, ''पूरी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया और एक दूसरे की सफलता का आनंद उठाया, उससे मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इस यादगार जीत के लिए बधाई। '' कप्तान सूर्यकुमार ने भी श्रृंखला में जीत को विशेष बताया।

## न्यूज अपडेट

### लाड, रघुवंशी के अर्धशतक, मुंबई की सेना पर आसान जीत

**नयी दिल्ली :** सिद्देश लाड और अंगकृष रघुवंशी के नाबाद अर्धशतकों की मदद से मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के चौथे और अंतिम दिन सेना पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। मुंबई ने सुबह एक विकेट पर 24 रन से आगे खेलना शुरू किया और 35.4 ओवर में 135 रन का लक्ष्य हासिल किया। लाड (नाबाद 73) और रघुवंशी (नाबाद 55) ने दूसरे विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे मुंबई ने पालम मैदान पर खेले गए मैच में एक विकेट पर 137 रन बनाए। सेना की टीम ने अपनी पहली पारी में 240 और दूसरी पारी में 182 रन बनाए थे। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 288 रन बनाकर 48 रन की बढ़त हासिल की थी। इस जीत से मुंबई के पांच दौर के बाद 22 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में बड़ौदा (27) और जम्मू-कश्मीर (23) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेना की टीम 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। रणजी ट्रॉफी का अगला दौर सीमित ओवरों के टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के समाप्त होने के बाद 23 जनवरी 2025 से शुरू होगा।

### गुजरात ने रोमांचक ड्रॉ खेला, विदर्भ शीर्ष पर

**नागपुर :** गुजरात की टीम शुक्रवार को यहां ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच में विदर्भ के तीन खिलाड़ियों के शतकों के बावजूद ड्रॉ कराकर एक अंक हासिल करने में सफल रही। पहली पारी में मेहमान टीम के 343 रन के जवाब में मेजबान टीम दानिश मालेवार (115), करुण नायर (123) और कप्तान अक्षय वाडकर (नाबाद 114) के शतकों की मदद से नौ विकेट पर 545 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। विदर्भ ने चौथे दिन बीती रात के आठ विकेट पर 512 रन से आगे खेलना शुरू किया। वाडेकर 104 रन और प्रफुल्ल हिंगे 26 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दिन के स्कोर में 21 रन जोड़ने के बाद हिंगे को 40 रन पर अर्जन नागवासवाला ने आउट कर दिया और मेजबान टीम ने 12 रन और बनाने के बाद पारी घोषित की जिससे उसे 202 रन की बढ़त मिली।

### रणजी में बंगाल की जीत के बाद कोच शुक्ला ने कहा, भारतीय टीम में शायद जल्द वापसी करेंगे शमी

**इंदौर :** रणजी ट्रॉफी मैच में शनिवार को मध्यप्रदेश के खिलाफ बंगाल की रोमांचक जीत के बाद विजयी टीम के कोच लक्ष्मीरतन शुक्ला ने कुल सात विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के योगदान को सराहा। उन्होंने यह भी कहा कि 34 वर्षीय गेंदबाज को भारतीय टीम में शायद जल्द ही वापसी करते देखा जा सकेगा। शुक्ला का यह बयान ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी प्रतियोगिता से हफ्ते भर पहले आया है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मैच के चौथे और आखिरी दिन के निर्णायक पलों में बंगाल ने मेजबान मध्यप्रदेश पर 11 रन से जीत हासिल की। बंगाल के कोच लक्ष्मीरतन शुक्ला ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह उनकी टीम के लिए ''करो या मरो'' वाला रणजी मुकाबला था क्योंकि बारिश के कारण टीम के दो मैच बर्बाद हो गए थे। उन्होंने कहा, ''मैच के दौरान शमी का प्रदर्शन काबिले-तारीफ था। सबको इंतजार है कि वह फिर से भारत के लिए कब से खेलेंगे और शायद उन्हें भारत के लिए जल्द ही खेलते देखा जा सकेगा। '' शुक्ला ने कहा कि रणजी मैच के दौरान उन्हें मैदान पर शमी जबर्दस्त लगे। बंगाल के कोच ने कहा,खेल के लिए शमी ने गजब का समर्पण दिखाया। उनका प्रदर्शन देखकर पता ही नहीं चला कि उन्होंने एक साल बाद मैदान पर वापसी की। '' पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था।

### पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप : ओडिशा ने हरियाणा को 5-1 से हराकर खिताब जीता

**चेन्नई :** भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिलानंद लकड़ा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने शनिवार को यहां फाइनल में हरियाणा को 5-1 से हराकर सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। शिलानंद ने 12 मिनट के अंदर 48वें, 57वें और 60वें मिनट में तीन गोल दागे। रजत आकाश टिर्की (11वें मिनट) ने ओडिशा को बढ़त दिलाई। प्रताप लकड़ा (39वें मिनट) ने फिर तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी स्ट्रोक्स पर गोल कर बढ़त दोगुनी की। चौथे क्वार्टर में शिलानंद ने तीन गोल दाग दिये। हरियाणा के लिए एकमात्र गोल जोगिंदर सिंह ने 55वें मिनट में किया। उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश के लिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय ने छठे मिनट और राजकुमार पाल ने 54वें मिनट में गोल किया। मणिपुर के लिए एकमात्र गोल मोइरांगथेम रबिचंद्र सिंह ने 43वें मिनट में दागा।

### पंत का दुर्घटना की चोट से उबरना चमत्कार था, मुझे लगा था कि वह कभी नहीं खेल पायेंगे: शास्त्री

**मेलबन :** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भीषण कार दुर्घटना के बाद जब विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अस्पताल में देखा था तब उनके क्रिकेट भविष्य को लेकर अनिश्चित थे। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज के चोट से उबरने को 'चमत्कार' करार दिया। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने के बाद दलीप ट्रॉफी से लाल गेंद प्रारूप में सफल वापसी की थी। वह बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। शास्त्री ने 'न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, अगर आपने उसे देखा होता तो आप उससे दोबारा क्रिकेट खेलने की उम्मीद नहीं करते।'' भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, ''मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा। वह बहुत पीड़ादायक स्थिति में था। उसके चोटिल होने के एक महीने बाद मैं उसे अस्पताल में देखने गया था। उसे काफी चोट लगी थी और पूरे शरीर पर चोट के निशान थे।''

## गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए ठीक नहीं: टिम पेन



**मेलबन :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कहा कि गौतम गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए शायद अच्छी नहीं हो और अगर वे 22 नवंबर से पर्थ टेस्ट में मजबूत शुरुआत करने में विफल रहते हैं तो आगे का लंबा सत्र उनके लिए मुश्किल हो सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 0-3 की हार से सदमे से उबर रही गंभीर की कोचिंग वाली टीम को अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बचाव करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसकी शुरुआत पर्थ टेस्ट से होगी। पेन ने 'एसईएन रेडियो' पर कहा, ''यहां उनकी पिछली दो श्रृंखला में मिली जीत में उनके कोच रवि शास्त्री थे जो शानदार थे। उन्होंने टीम के इर्द गिर्द शानदार माहौल बनाया था, खिलाड़ियों में ऊर्जा थी, वे जुनून के साथ खेले। उन्होंने उन्हें सपने दिखाए और हल्के-फुल्के आनंददायी तरीके से उन्हें प्रेरित किया। ''उन्होंने कहा, '' अब भारत के पास नया कोच है जो काफी तुनकमिजाज हैं, वह हालांकि काफी प्रतिस्पर्धी हैं। कहने का मतलब यह नहीं है कि यह अच्छी बात नहीं है और कोचिंग का अच्छा तरीका नहीं है। बल्कि मेरी चिंता यह है कि यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए उपयुक्त नहीं है। ''पेन ने कहा, ''अगर आपका कोच एक साधारण सवाल पूछे जाने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले भड़क जाता है। और अगर पर्थ में भारत की अच्छी शुरूआत नहीं होती है तो गौतम गंभीर के लिए आगे का सफर मुश्किल हो सकता है। ''पेन की यह प्रतिक्रिया हाल में मीडिया से बातचीत के बाद आई है जिसमें गंभीर ने विराट कोहली के खराब फॉर्म पर रिकी पोंटिंग की टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित होने की जरूरत नहीं है। पोंटिंग ने इसके बाद गंभीर को काफी चिड़चिड़े स्वभाव वाला व्यक्ति कहा था।




## आदित्य बिड़ला समूह ने 20 अरब डॉलर निवेश किया: के एम बिड़ला



**नयी दिल्ली :** आदित्य बिड़ला समूह ने मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 20 अरब डॉलर का निवेश किया है, क्योंकि यह अपने परिचालन वाले सभी क्षेत्रों में शीर्ष दो कंपनियों में शामिल होने की ओर अग्रसर है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में बोलते हुए, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन के एम बिड़ला ने कहा कि समूह ने कारोबार बढ़ाने के लिए हिंडाल्को द्वारा नोवेलिस के अधिग्रहण सहित कई कठिन निर्णय लिए हैं और अगले 10 वर्षों में सीमेंट कारोबार को 10 करोड़ टन से बढ़ाकर 20 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समूह के अधिकांश निवेश दीर्घकालिक हैं, जिनका कारोबारी दृष्टिकोण अगले 15-20 वर्षों का है, जबकि उपभोक्ता कारोबार की अवधि कम है। उन्होंने कहा, ''हम हर उस व्यवसाय में शीर्ष एक या दो बनना चाहते हैं, जिसमें हम हैं या शामिल होने जा रहे हैं। '' उन्होंने कहा कि कंपनी ने 36 वर्षों में 10 करोड़ टन सीमेंट क्षमता का निर्माण किया है, लेकिन अगले पांच वर्षों में इसे 15 करोड़ टन और अगले 10 वर्षों में 20 करोड़ टन तक बढ़ाया जाएगा

### जीतन राम मांझी ने व्यापार मेले में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने आज यहां 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में एमएसएमई मंडप का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एमएसएमई मंडप में देश के 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 200 प्रदर्शक भागीदारी कर रहे हैं। मंडप की मुख्य थीम 'हरित एमएसएमई' है, जो इन उद्योगों के व्यवसाय संचालन में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने पर मंत्रालय के जोर को दर्शाता है। कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिए मंत्रालय की प्रमुख योजना 'पीएम विश्वकर्मा योजना' की पूरी जानकारी भी मंडप में दी गई है।

## बदलते तकनीकी परिवेश के साथ तालमेल के लिए नये तरीके अपनाएं: कैग ने अधिकारियों से कहा

**नयी दिल्ली :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू ने शनिवार को अधिकारियों से नये तरीके से सोचने, नयी तकनीकों के साथ प्रयोग करने और बदलते तकनीकी परिवेश के साथ तालमेल बिठाने को कहा। उन्होंने कहा कि एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गोपनीयता भंग होने और एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों से लेकर सामाजिक बहिष्कार तक कई जोखिम हैं। उन्होंने यहां चौथे लेखा-परीक्षा दिवस समारोह में कहा, ''एक संगठन के रूप में, हम इनसे गहराई से परिचित हैं और ऐसे परिवेश में लेखापरीक्षा और लेखा प्रथाओं के असर को बढ़ाने के लिए उभरते तकनीकी रुझानों के साथ जुड़ रहे हैं। '' मुर्मू ने कहा कि लेखा परीक्षा और लेखा पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कैग संगठन के सभी कार्यालयों को नयी तकनीकों के साथ प्रयोग करने, नये तरीके से सोचने और बदलते तकनीकी तथा शासन परिवेश से तालमेल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए कैग की समृद्ध विरासत की सराहना की। उन्होंने कृत्रिम मेधा सहित उभरती प्रौद्योगिकियों को कैग के अपनाने की भी प्रशंसा की।

# सीबीडीटी ने अघोषित विदेशी संपत्ति के बारे में करदाताओं को बताने के लिए अभियान शुरू किया

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने शनिवार को कहा कि जिन करदात-ाओं ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आईटीआर में उच्च मूल्य की विदेशी आय या संपत्ति का खुलासा नहीं किया है, उन्हें इस बारे में बताने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में अनुसूची 'विदेशी संपत्ति' (अनु-सूची एफए) को सही ढंग से भरने और विदेशी स्रोतों (अनुसूची एफएसआई) से आय के बारे में बताने के लिए आकलन वर्ष (एवाई) 2024-25 के लिए अनुप-ालन-सह-जागरूकता अभियान शुरू किया है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि सूचनात्मक संदेश उन निवासी करदाताओं को एसएमएस और ईमेल के जरिए भेजे जाएंगे, जिन्होंने पहले ही आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आईटीआर जमा कर दिए हैं। बोर्ड ने बताया कि ये संदेश द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत मिली जानकारी के जरिये पहचाने गए व्यक्तियों के लिए हैं। इस जानकारी




से पता चलता है कि इन व्यक्तियों के पास विदेशी खाते या संपत्ति हो सकती है, या संभव है कि उन्हें विदेश से आमदनी हुई हो।

### एसपीएच एविएशन, जीडीएक्स सिक्योरिटी ने ड्रोन आधारित विमानन सुरक्षा के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली :** एवीपीएल इंटरनेशनल की सहायक कंपनी एसपीएच एविएशन ने सुरक्षा फर्म जीडीएक्स सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत विमानन सुरक्षा में ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल और भारत में ड्रोन पायलटों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। एक बयान के अनुसार एसपीएच एविएशन और जीडीएक्स सिक्योरिटी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत गठित संयुक्त उद्यम से सालाना 2,000 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। एसपीएच एविएशन भारतीय विमानन नियामक डीजीसीए के दिशानिर्देशों के तहत जीडीएक्स सुरक्षाकर्मियों को प्रमाणित ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित करेगा और प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। एसपीएच एविएशन की निदेशक प्रीति शर्मा ने कहा कि यह पहल उद्योग के भीतर कंपनी की विशेषज्ञता को मजबूत करती है और साथ ही कुशल ड्रोन परिचालकों की बढ़ती जरूरत को भी पूरा करेगी।

## दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत में छठा सबसे महंगा कार्यालय बाजार: नाइट फ्रैंक

**नयी दिल्ली :** नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत क्षेत्र में छठा सबसे महंगा कार्यालय बाजार है। रियल एस्टेट सलाहकार के अनुसार यहां कार्यालय के लिए औसत मासिक किराया 340 रुपये प्रति वर्ग फीट है। इस सूची में मुंबई आठवें स्थान पर है। नाइट फ्रैंक ने 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए एशिया प्रशांत प्रमुख कार्यालय किराया सूचकांक के अपने ताजा संस्करण में कहा कि दिल्ली-एनसीआर एपीएसी क्षेत्र में छठा सबसे महंगा कार्यालय बाजार है। इस वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान हांगकांग एपीएसी का सबसे महंगा कार्यालय बाजार बना हुआ है। एनसीआर में प्रमुख किराया दर 2024 की तीसरी तिमाही में स्थिर रही, जबकि मुंबई और बेंगलुरु में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत और तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। मुंबई का प्रमुख कार्यालय किराया 317 रुपये प्रति वर्ग फीट प्रति माह था और यह एपीएसी क्षेत्र में 8वां सबसे महंगा वाणिज्यिक बाजार रहा। सूची में बेंगलुरु 18वें स्थान पर रहा और यह सबसे कम खर्चीले प्रमुख कार्यालय बाजार में से एक है। यहां प्रमुख कार्यालय किराया 138 रुपये प्रति वर्ग फीट प्रति माह दर्ज किया गया। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन के कारण वैश्विक कॉरपोरेट की दिलचस्पी बनी हुई है, और भारत के प्रमुख कार्यालय बाजारों में लगातार मांग से इसकी पुष्टि होती है। ''

## डीवीसी ने 559 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए जीयूवीएनएल के साथ समझौता किया

**कोलकाता :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने शनिवार को कहा कि उसने 559 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। डीवीसी ने एक बयान में कहा कि बिजली मंत्रालय द्वारा अनुमोदित समझौते से पश्चिम बंगाल में डीवीसी के आगामी दुर्गापुर तापीय बिजली केंद्र (एक गुणा 800 मेगावाट) से 359 मेगावाट और झारखंड में कोडरमा तापीय बिजली केंद्र चरण दो से 200 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जाएगी। हस्ताक्षर समारोह में डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार और दोनों कंपनियों के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। डीवीसी ने कहा कि समझौते को डीवीसी के उपभोक्ता सम्मेलन 2024 के दौरान औपचारिक रूप दिया गया, जो दो दिवसीय कार्यक्रम (15-16 नवंबर) था। इसमें डीवीसी के देश भर के लाभार्थियों के प्रतिनिधि एक साथ आए थे।

वर्ष 9, पूर्णांक 4061 अंक 211, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in